॥ वडा समवसरण तप ॥ प्रथम चार उपवास करके पारणे एकासणा न बनेतो बियासणा करणा. एसी चार ओली करते पजुषणकी पंचमीके दिन पारणा आवे तेसें तप करणा. एसे चार वर्ष करनेसे ए तप पुरा होताहै. उद्यापनमे यथा शक्ति ज्ञान गुरु संघभक्ति करे.

॥ मोक्ष दंडक तप ॥ गुरुके हाथमे रखनेका दंक अपने हाथमें लेके अपनी मुठीसे जरना जितनी मुठी होय उत्तना एकांतर उपवास करना. अथवा दूसरी विधि यह है की एकासणा वार, नीर्वी नव, आयंबिल पांच, उपवास एक, एवं सत्तावीस दीन तप करना. सिद्ध पद गुणना. उद्यापनमें ठेल्ले उपवासके दिन एक थालमे चावल जर श्रीफल रोकरु ड्व्य रखके वाजिंत्र सहित गीतगाते गुरुके पास जाके दंडकी पूजा करके थाल जेट करना. वस्त्रादिक वेराना. ज्ञानकी संघकी जक्ति करनी.

॥ दवयंती तप ॥ एकेक जिन आश्रयी वीस आयंबिल करना. एसी चोवीस उंली करना. यह बमा तप होनेसें एक पच्चीसमी उंली शासन देवीके नामकी करनी और गुणणा अनुक्रमसे जिस जिस जिनकी उंली होय तिस्का नाम गुणणा और शासना देवीकी उंलीमे शासना देवीका नाम गुणणा. इस्में पांचसें आयंबिल और चोंवीस पारणा होतेहे. उद्यापनमें चोवीश जिनकी पूजापढानी. चोवीश तिलकचढाने. पांचसे मोदक चढाने. और यथाशक्ती ज्ञान गुरु साधर्मिकजक्ति अवश्यकरना.

॥ ऊणोदरी तप ॥ पुरुषको वत्तीस और स्त्रीको अठावीस कवलका आहार होताहे तिस्मेसें यथा शक्ती न्यून करना उस्कों लोक प्रवाहमें उनोदरी

तप कहते हे. प्रथमदिन आठ दूसरे दिन वारे तीसरे दिन शोले, चोथे दिन चोवीस, पांचमे दिन एकत्रीस, कवलका आहार करणा और एकासणा का पचखान करना. सिद्ध पद गुणणा. सव मिलके पुरुपको ८१ स्त्रीको ८७ कवल आहार पांच दिनमें लेणा. उद्यापनमे कवलकी संख्या प्रमाण मोदक चढाना. ज्ञान गुरु संघभक्ति करना.

॥ निर्वाण तप ॥ आदि नाथजीके निर्वाणके ६ उपवास करना. वीर प्रभुके निर्वाण पर उपवास दो करने. शेष तीर्थं करके निर्वाणके एकांतर उपवास तीस तीस करने. जिन जिन तीर्थं करके निर्वाणका तप, चलता होय तव उन उन तीर्थं करके नाम की नोकार वाली गुणनी. उद्यापनमे चोवीस तीलक, चोवी पक्वान, चोवीस फल, चोवीस संख्यामे सर्व वस्तुयें ढोकनी. ज्ञान गुरु श्री संघकी भक्ति करनी.

॥ केवल ज्ञान तप ॥ श्रीआदिनाथजी, मल्लीनाथजी, पार्श्वनाथजी, नेमनाथजी ए चार तीर्थंकरोके केवलज्ञान कल्याणक के तीन तीन उपवास करने. वासुपूज्यज्यस्वामीका एक उपवास और सव उन्नीस तीर्थंकरोंके दोदो उपवास करने. सवमील ५१ उपवास करने. उद्यापनमें ५२ मोदक फल, फूल, नैवेद्य, ढोकना गुरुभक्ति करना

॥ जिन दीक्षा तप ॥ वीस तिर्थंकरोने दीक्षा समय ७७ कीये तिस्के वेले करने. वासुपूज्यका एक उपवास. मल्लीनाथ पार्श्वनाथजीके तीन तिन उपवास करना. सुमतिनाथ स्वामीके नामका एकाशना करना. सबमिल ४७ उपवास एक एकाशणा होताहै. उद्यापनमे ४८ मोदकादिक चढावने अष्ट प्रकारी पूजा ज्ञान गुरु नक्तिकरना.

॥ जिन चवन जन्म कल्याणकतप ॥ एके के जिनके चवन कल्याणक के उपवास करणा. जिनजिन तीर्थंरका तप होय तिसदिन तिनके नामकी नवकारवाली गुणे. उद्यापनमें चोवीस चोवीस चीजे चढावे ज्ञानगुरु नक्ति करें.

॥ गौतमपमघातप ॥ पंदरे पूर्णिमां पर्यंत एकाशनादितप करना. गौतमस्वामिकी प्रतिमाके पास क्षीरका पात्र नरके ढोकना अष्टप्रकारी पूजा करनी. गौतमस्वामीकी प्रतिमाके अनावे महावीर स्वामीकी पूजाकरनी. उद्यापनमें चांदीका पमघा (पात्रें) क्षीरनर के गौतमस्वामी अथवा महावीरस्वामिके पास ढोकनां गुरुजीको जोली पात्रे प्रमुख देनां.

॥ लघुपंचमी तप ॥ सुदी और वदीकी पंचमीका उपवास करना नमोनाणस्स गुणणा. एक वर्षके चोवीस और एक उपर उपवास करके २५ उपवाससें यह तप पूराकरना. यथाशक्ति उद्यापन करना।

यह तप पौष अथवा चैत मासमे सरु नहि करना.

पंचमी तप ॥ पांच वर्ष और पांच मास तक सुदि पांचमीका चोवी हार उपवासकरना. नमोनाणस्स पद गुणना. यथाशक्ति उद्यापन करना. यहतप कार्त्तिक मिगसर, माघ, फाल्गुन, वैशाख, जेष्ट, आषाढ, ए सात मासमेंसे हरेक माससें सिरु कीया जाता हे । अखंड करना उद्यापन करना.

॥ पुंडरीक तप ॥ चैत्री पुनमके दिन उपवास करके पुंडरीक गण धरके नामकी नवकार वाली गुणे और पुजा करें एसे सात वर्ष करे. उद्यापनमे अगणित श्रावकोंको जिमावे अथवा प्रभावना करे अगणित द्रव्यसे ज्ञान भक्ति करे अगणित अन्न पान मुनिको वेरावे । जो चिज दीजावे सो गिणनानहि थोंहि पसली भरके वेरावे । और प्रभावनाभि पसली भरके देवेपरंगिनेनही.

॥ गुणरत्न संवत्सर तप ॥ यह तप के सेवन करने वालोंको दिवसमें उकडु आसनमे रहना और रात्रिकों वीरासनसें रहना चहिये (वस्त्र रहित रहना.) यह तपशोलेमासतक करना. तिस्मे प्रथम मासमे एकांतर उपवास करनां दुसरे मासमें दो दो उपवास पारणा करनां. तीसरे मासें तीन तीन उपवास पारणा करना. चोथा मासें चार चार उपवास उपर पारणा करना. एसें एकेक मासें एकेक

दिन तपका वढाते जानां. एसे शोल मास तप करनां. शोले मासमे सव मिल ४०७. दिन उपवास आवेगे. सव मिलके ७३ पारणा होतेहे. सिद्ध पद गुणणां उद्यापन यथाशक्ती ॥

आयंविलवर्द्ध मान तप ॥ प्रथम एक आयंविल करके एक उपवास, दो आयंविल करके एक उपवास, तीन आयंविल करके एक उपवास, चार आयं विल करके एक उपवास एसे एकेक आयंविल वढाते जांनां यावत् एकसो आयंविल पर्यंत वढानां. सों आयंविल उपर एक उपवास करें यह तपमे सव- मिल एकसो उपवास आवें और पांचहजार पचास आयंविल होतेंहे. ए महा तपका सेवन चौदेवर्ष, तीनमास और वीस दिनसें पूरा होताहे. उद्यापन यथा शक्ती करे.

॥ अक्षयनिधि तप ॥ घर देरासरमे अथवा उपाश्रयादि उत्तम स्थानमे विचित्र चित्रित घटस्थापन करें तीस्मे प्रतिदिन मुठीभरके चावल और यथाशक्ति द्रव्य मालतें जाय. यथाशक्ति एकाशनादिक तपकरे. पजुसणके पनरे दिन पहिलें एतप सरुकरे पजुसणमे तप समाप्ति होय तेंसे आदर करें. पजुसणमे घटपूर्ण भर जाय और तपभि पूर्ण होय.पूर्ण होनेसें ऊपर श्रीफल वस्त्र मौली वांधके वाजित्रादि महोत्सव पूर्वक मंदिरमें लाकें रखें और स्नात्रादि

पूजा पढावें. ज्ञान पूजा गुरू पूजा करे. एसें चारवर्ष पर्यंत करे. उद्यापनमे त्रिपद्धिणी करके देव आगे ढोकना. यथाशक्ती महोत्सव करना ॥

चांद्रायण तप ॥ चंद्रमाजेसें सुक्लपक्षमे एकमके दिनसे वढता हें तेसें पक्वाके दिन एक कवल, डुजके दिन दो कवल, तीजके दिन तीन कवल, चोथके दिन चार कवल एसें एकैक कवल पुनमतक वढावे. पुनमके दिन पनरे कवल आहार करे. कृष्णपक्षके चंद्रमाकी रीतिसे एके क कवल घटाते यावत् अमावास्याकों एककवल आहार करे एसें यवमध्य प्रतिमां तपत्री इस्को कहतें हे. यह चांद्रायण, यवमध्य तप एक मासकाहे. उद्यापनमें चांदीका चंद्र और सोनाके वत्तीस यव वनाके मंदिरमे चढावे और ज्ञान पुजा गुरू पूजा संघ पूजाकरे । अष्टप्रकारी पूजा पढावे.

तृतीय परिछेद प्रारंभः ।

अथ श्रावकोंकी दिन चर्या कहते हैं.

॥ चिदानंद स्वरूप, रूपसे रहित, रक्षक और परम ज्योतिरूप, एसे सिद्ध परमात्माकों मेरा नमस्कार हो. मनः शुद्धिकों धरने वाले योगीश्वरों, ध्यान रूपी दृष्टि करके जिस्का स्वरूपकों देखतेहें; एसे परमेश्वरकी में स्तवना करताहुं. प्राणिगण सुख समूहकों चाहतेंहें. और सर्व सुख समूह मोक्षमेंहे. वो मोक्षपदकी प्राप्ति ध्यानसें होतीहे. और ध्यान मनकी शुद्धीसें होताहे मनोशुद्धी कपायोके जयसें होतीहे कपायोंका जय इंद्रियोंके विजयसें होताहे. इंद्रियोंका विजय सदाचारसें होताहे. गुणोंका निबंधन करानेवाला सदाचार सडुपदेशसें प्राप्त होताहे. सडुपदेशोंसें समृद्धिकी प्राप्ति होतीहे समृद्धि प्राप्त होनेसे सर्वत्र गुण प्राप्त होनेका उदय होताहे. सद्गुणोके उदयकी प्राप्तिके लिए आचारोंपदेश नामक ग्रंथकी रचना करी जातिहे. सदाचारके विचारोका निरूपण करनेमें रुचिकारक, विचक्षण पुरुषोको मनन करने योग्य, देवानु प्रियोंकों अत्यानंदकारी, यह ग्रंथ; पुण्यवंत प्राणियोको, विशेष श्रवण करने लायकहे.

अनंत पुद्गल परावर्तो करके पुनः दुष्प्राप्य यह मनुष्य जन्मको प्राप्त होके विवेकी प्राणिकों धर्म

उपर अवश्य आदरवंत होना चहिये. क्योंकी सुननेसे, देखनेसें, करनेसें, दूसरोंसें करानेसें, अनुमोदनेसें यह धर्म सातों कुलकों निश्चय पवित्र करताहे. धर्म, अर्थ, काम, यह तीन वर्गके साधन विना यह मनुष्य जन्म पशुवत् निष्फलहे. तीन वर्गके साधनमेंनी धर्म वर्गको अधिक साधन करना क्योंकी धर्मवर्ग विना अर्थ और काम न प्राप्त होशक्तेंहे. मनुष्यजव, आर्यदेश, उत्तमजाति, सर्व इंद्रियोंकी सुदृढता, परिपूर्ण दीर्घायुष, इतनी चिजें विना पुण्य प्राप्त न होशक्तीहे. कदापि पुण्ययोगसें उपरोक्त मील शक्तेहें. तथापि वीतरागके वचन पर श्रद्धा होनी डुर्लजहे. कदापि श्रद्धा होतीहे तथापि सुगुरुका योग सुपुण्य विना मिल शक्ता नहीहे.

न्यायसें राजा, सुगंधसे पुष्प, उत्तम पदार्थसें, नोजन ज्यों शोजनीक होताहे त्यों उपरोक्त वस्तु नी सदाचारसेंहि शोजनीक होतीहे. सदाचार तत्पर पुरुष शास्त्रोक्त विधिसें परस्पर अविरोध करके तीनों वर्गका खुसीसें साधन कर शक्ताहे.

पंमित पुरुष रात्रिके चतुर्थ प्रहरसें वा पीछली दो घमी रात्रिसें उठे. निंद्राकों त्याग कर पंचपरमेष्ठी मंत्र पढे. दक्षिण अथवा वाम दोनोमेंसें जो नाशिका वहती होय उस तरफका पग शय्यासें उठती वख्त प्रथम धरती पर धरे. शय्याकों और शयनके वस्त्रोंका त्याग करके दूसरे शुद्ध वस्त्र

पहिन सुस्थान पर बेठके पंचपरमेष्टीका ध्यान करे. पूर्व अथवा उत्तर दिशा सन्मुख बेठके शरीर और स्थानकी शुद्धि करके मन समाधिसे जाप करे.

पवित्र हो किंवा अपवित्र हो. सुस्थित हो वा दुःस्थित हो परं पंचपरमेष्टी नवकारमंत्रके जपनेसें प्राणि सर्व पापसें रहित होता हे. अंगुलीके अग्र भागसें, मेरुकों उल्लंघन करके, संख्यारहित, जो जाप करे सो प्रायः अल्प फल कारक होताहे.

उत्कृष्ट, मध्यम, अधम ए तीन प्रकारके जाप कहे जातेंहे. उसमें कमलादिक विधिसे जाप किया जायसो उत्कृष्टहे. जपमालासे जाप किया जाय सो मध्यमहे. विना मौन, विना संख्या, विना चित्त स्थिर रख्खे, विना अचल आसन, विना ध्यान जो जाप किया जाय सो अधम जाप कहा जाताहे. पीछे गुरुके पास जाके अथवा अपने घरमें अपने पापकी शुद्धीके वास्ते आवश्यक (प्रतिक्रमण) करे.

रात्रिके पापकी शुद्धीके वास्ते राई, दिनके पापकी शुद्धीके वास्ते देवसिक, पनरे दिनकी शुद्धीके वास्ते पाक्षीक, चारमासके पाप शुद्धीके वास्ते चोमासी, बारमासके पापकी शुद्धीके वास्ते सांवत्सरीक; एसें पांच प्रतिक्रमण कहेहे. प्रतिक्रमण करके, कुल क्रमकों याद करके, हर्षित चित होके मंगल स्तुतिका पाठकों याद करे.

मंगलाष्टक.

मंगलं भगवान् वीरो, मंगलं गौतमः प्र
मंगलं स्थूलिभद्राद्या, जैनो धर्मोस्तु मंगल
नाभेयाद्याः जिनाः सर्वे, भरताद्या श्च च
कुर्वंतु मंगलं सर्वे, विष्णवः प्रति विष्णव
नाभि सिद्धार्थ भूपाद्या, जिनानां पितरः
पालिताखंड साम्राज्या, जनयंतु जयं मम
मरुदेवी त्रिशलाद्या, विख्याता जिन मात
त्रिजगज्जनितानंदा, मङ्गलाय भवंतु मे ।
श्रीपुंडरीकेंद्रभूति, प्रमुखा गण धारिणः
श्रुत केवलिनो पीह, मंगलानि दिशंतु मे
ब्राह्मी चंदन बालाद्या, महासत्यो महत्त
अखंड शील लीलाद्या, यच्छंतु मम मंगल
चक्रेश्वरी सिद्धायिका, मुख्य शासन देव
सम्यग्दृशां विघ्नहरा, रचयंतु जयश्रियं ।
कपर्दी मातंग मुख्या, यक्षा विख्यात
जैन विघ्नहरा नित्यं, दिशंतु मंगलानि मे
यो मंगलाष्टक मिदं पटुधी रधीते,
प्रातर्नरः सुकृत भावित चित्त वृत्तिः ॥
सौभाग्य भाग्य कलिता धुत सर्वविघ्नो,
नित्यं स मंगल मलं लभते जगत्याम् ॥

पीछें मंदिरजीमे जाके निःसही कहके
शातनाका त्याग

पहिन सुस्थान पर बेठके पंचपरमेष्टीका ध्यान करे. पूर्व अथवा उत्तर दिशा सन्मुख बेठके शरीर और स्थानकी शुद्धि करके मन समाधिसे जाप करे.

पवित्र हो किंवा अपवित्र हो. सुस्थित हो वा दुःस्थित हो परं पंचपरमेष्टी नवकारमंत्रके जपनेसें प्राणि सर्व पापसें रहित होता है. अंगुलीके अग्र भागसें, मेरुकों उल्लंघन करके, संख्यारहित, जो जाप करे सो प्रायः अल्प फल कारक होताहै.

उत्कृष्ट, मध्यम, अधम ए तीन प्रकारके जाप कहे जातेहै. उसमें कमलादिक विधिसे जाप किया जायसो उत्कृष्टहै. जपमालासे जाप किया जाय सो मध्यमहै. विना मोन, विना संख्या, विना चित्त स्थिर रख्खे, विना अचल आसन, विना ध्यान जो जाप किया जाय सो अधम जाप कहा जाताहै. पीछे गुरुके पास जाके अथवा अपने घरमें अपने पापकी शुद्धीके वास्ते आवश्यक (प्रतिक्रमण) करे.

रात्रिके पापकी शुद्धीके वास्ते राई, दिनके पापकी शुद्धीके वास्ते देवसिक, पनरे दिनकी शुद्धीके वास्ते पाक्षीक, चारमासके पाप. शुद्धीके वास्ते चोमासी, बारमासके पापकी शुद्धीके वास्ते सांवत्सरीक; एसें पांच प्रतिक्रमण कहेहै. प्रतिक्रमण करके, कुल क्रमकों याद करके, हर्षित चित होके मंगल स्तुतिका पाठकों याद करे.

मंगलाष्टक.

मंगलं भगवान् वीरो, मंगलं गौतमः प्रभुः ॥
मंगलं थूलिभद्राद्या, जैनो धर्मोस्तु मंगलं ॥ १ ॥
नाभेयाद्याः जिनाः सर्वे, भरताद्या श्च चक्रिणः ॥
कुर्वंतु मंगलं सर्वे, विष्णवः प्रति विष्णवः ॥ २ ॥
नाभि सिद्धार्थ भूपाद्या, जिनानां पितरः स मे ॥
पालिताखंड साम्रज्या, जनयंतु जयं मम ॥ ३ ॥
मरुदेवी त्रिशलाद्या, विख्याता जिन मातरः ।
त्रिजगज्जनितानंदा, मङ्गलाय भवंतु मे ॥ ४ ॥
श्रीपुंडरीकेंद्रभूति, प्रमुखा गण धारिणः ।
श्रुत केवलिनो पीह, मंगलानि दिशंतु मे ॥ ५ ॥
ब्राह्मी चंदन वालाद्या, महासत्यो महत्तरा ।
अखंड शील लीलाद्या, यछंतु मम मंगलं ॥ ६ ॥
चक्रेश्वरी सिद्धायिका, मुख्य शासन देवताः ।
सम्यग्दृशां विघ्नहरा, रचयंतु जयश्रियं ॥ ७ ॥
कपर्दी मातंग मुख्या, यक्षा विख्यात विक्रमाः ।
जैन विघ्नहरा नित्यं, दिशंतु मंगलानि मे ॥ ८ ॥
यो मंगलाष्टक मिदं पटुधी रधीते,
प्रातर्नरः सुकृत भावित चित्त वृत्तिः ॥
सौभाग्य भाग्य कलिता धुत सर्वविघ्नो,
नित्यं स मंगल मलं लभते जगत्याम् ॥ ९ ॥

पीछें मंदिरजीमे जाके निःसही कहके सर्व आशातनाका त्याग करके तीन प्रदक्षिणा देवे. विलाश,

हास्य, थुंक (बलगम) का गिराना, निद्रा, कलह, विकथा, चार प्रकारका आहार, जिनमंदिरमे नहि करना. "हे जगन्नाथ तुमकों नमस्कार हो" इत्यादि स्तुतिका पाठ बोलके फल, अक्षत, सुपारी, जिन. राजके सन्मुख रख्खे. राजा, देव, गुरु, निमित्त शास्त्र वेत्ता इनके पास खाली हाथसें नहि जाना क्योंकी फलसें फल मीलताहे. भगवंतके दक्षिण भागमे पुरुष, दहिने भागमे स्त्री नव अथवा साठ हाथ दूर रहकर वंदना करे. पीछे उत्तरासण लगाके, योगमुद्रासें बेठके, मधुर ध्वनीसे चैत्य वंदन करे. पेटके उपर दो हाथकी कोणी रखकर, कमल डोडाके आकार दोहाथकी दश अंगुलीयों संयोजित करे उनको योगमुद्रा कहतेहे. पीछे अपने घर जाके प्रातः क्रिया करे (भोजन, वस्त्र, घरके परिवारकी यथायोग्य व्यवस्था करे.) बांधव, नोकरों प्रमुखोंकों अपने अपने कार्योमें नियोजित करके बुद्धिके आठ गुण धारक पौषध शालामें जावें. शुश्रुषा (गुरुकी सेवा) श्रवण (उपदेशका सुनना) ग्रहण (स्वीकार करना) धारणा (याद रखना) उहा (तर्क करना) अपोह (शमाधान करना) अर्थ (अभिप्राय समजना) तत्वज्ञान (तत्वसमजना) यह बुद्धीके आठ गुण हे. धर्मका जाणकार होना, दुर्बुद्धीका त्याग करना, ज्ञानको प्राप्त होना और

ाग आना ए सब सुननेसे प्राप्त होतेंहे. आचार्य
ार साधुओंकों पंचांग नमस्कार करके आशातना
ाग करके गुरुके सन्मुख बेठना. दों ढीचण, और
' हाथ लगाया हुवा मस्तक, धरतीपर टिकायके
मस्कार करनेको पंचांग नमस्कार कहतेंहें.

पलांठी बांधके, लंबे पग पसारके, पग उपर पग
ढाके, दो कांख दिखाते, अगाडी, पीछाडी, बरो-
र दोनुं तर्फ, गुरुके पास बेठना नहीं. अपनेंसे
! आए हुवेकी बातें पूर्ण हुवे विना गुरुको
लाना नही. आशयका समजदार गुरुके मुख
ामने दृष्टि रखकर चित्तकी एकाग्रतासें धर्म शास्त्र
ुने. वाख्यान पूर्ण हुवे पीछें अपनी शंकाका
समाधान करे (पुछे) और देव गुरुके गुण गाने
..ले (भाट भोजक) को यथोचित दान देवे.
ेस्ने प्रातः प्रतिक्रमण न किया होय सो वांदणा
ृके गुरुको वांदे। धर्मप्रिय श्रावक नवकारसहीत
प्रमुख यथाशक्ती पच्चख्काण करे. दान देनेवालेभी
जोव्रत पच्चख्काण न करेतो तिर्यंच योनीमें उ
पन्न होतेहे. हाथी घोडा प्रमुखमे उत्पन्न हो
केभी बंधनमें पमतेंहे. जो दाताहे सो नरकमें
न जाय. जो व्रत पच्चख्काण करता हे सो तिर्यंच न
होय. जो दयावंत होय सो हीन आयुष्य न होय.
सत्यवादी होय सो डुस्वर (डुष्ट अवाजवाला)

न होय. तपश्चर्या हे सो सर्व इंद्रियों रुप मृगको वश्यकरनेमे जाल (फांसा) समान हे और कषाय रुप तापको मिटानेके लिऐ द्राक्षासमान ह फिर कर्म रूप अजीर्णकों मिटानेके लिए जातिवंत उत्तम हरडे समान हे. जो दूरहे, दुराराध्य (दुःखसें मिलने लायक) हे, देवताओंकोंभी जो दुर्लभहे, सो सब तपसें मिल शक्ताहे. क्यो कि तपकों कोई उल्लंघन करने समर्थ नही. पीछे. वजारमें जाके अपने अपने कुलके उचित द्रव्यो पार्जनका उद्यम करे. मित्रोंके उपकारके वास्ते, वांधवोके उदयके वास्ते, न्यायवंत न्याय लक्ष्मीका उपार्जन करे. क्योंकी केवल अपना पेट कोन नही भर शक्ता हे?

नीच जनोचित व्यापार करना नही और दूसरोंसें भी कराना नही. क्योंकि संपदा पुण्यकर्मसे वढतीहे परं पापसे वढती नहि. कदापि पाप व्यापारसे लक्ष्मी वढे परं उसका परिणाम अछा नहीहे. जिस व्यापारमे वहुत आरंभहोय, महापापहोय, लोकमे निंद्याहोवे एसा होय, इह लोक परलोकसे विरुद्ध होय एसे व्यापार (काम) नही करने. लोहार, चमार, मदिराकार, तेली, प्रमुख नीच जनो से अधिक लाभ होय तोभी व्यवहार नही रखना.

एवं चरन् प्रथम याम विधिं समग्रं ।
श्राद्धो विशुद्ध विनयो नय राजमानः ॥

विज्ञान मान जन रंजन सावधानो ।
जन्म द्वयं विरचये त्सकलं स्वकीयम् ॥ १ ॥

इति दिनचर्यायां प्रथम वर्गः समाप्तः ॥

॥ अथद्वितीय वर्गः । प्रारभ्यते ॥

दूसरा प्रहरदिन चढते अपने घर आयके विचक्षण जन जहां जीवाकुल भूमी नहोय एसे स्थान पर पूर्वदिशा सन्मुख बेठके स्नान करे. स्नान करनेके लिए चार पगवाला, जिस्मे नल लगाया होय एसा, एक बाजोट (पट्टा) बनावे. जिस्का पाणी दुसरे वासणमे लेके निर्जीव स्थानमे डाला जाता होय तो जीवकी ठीक यत्ना होशकतीहे. रजस्वला अथवा नीच जातिका स्पर्श हुवा होय, अथवा सूतक आया होय, घरमे कोइका मरण हुवा होय तो मस्तकसे सर्वांग स्नान करना. उपरोक्त कारण सीवाय देव पूजाके वास्ते बुद्धिवंत मस्तक वर्जित उष्ण जलसें स्नान करे. योगी पुरुष कहतेंहें की चंद्र, सूर्यके किरणोके स्पर्शसे समग्र जगत शुद्ध होजाताहे तों मस्तकभी उनके किरणोसें स्पर्शित होनेसें सदा पवित्र गिना जाताहे.

हर रोज शिर भीजोनेसें जीवघात होताहे. इसलिए नही भिजोना. दया एहि हे सार जिस्मे एसे

सदाचार हें सो सब धर्मके हेतुहे. अर्थात् कृपा धर्मका परिपालनके लिए सदाचार पालाजाताहे. निर्मल तेजका धारण करने वाला आत्मा सदा मस्तकमे रहताहे इस लिए और सदा वस्त्रसें वेष्टित रहनेसे मस्तक कभी अपवित्र होता नही. अज्ञ जन स्नानके लिए जास्ति पाणी ढोलतेहे और उससे बहुत जीवकी विराधना करतेंहें; एसा स्नान करके शरीरकों पवित्र और आत्माकों मलीन करतेंहें. स्नान करनेंमें भीजोया वस्त्र दूरकरके दूसरा वस्त्र पहिनके जहां तक पेर भीने रहे तहां तक अर्हत्का स्मरण करता उहांहि खमा रहे. जो खमा न रहेतो पगमें मेल लगेगा और पग अपवित्र होवेंगें. फिर कितनेक जीवोके घातकाभी संभव होवेगा.इससे पापका भागीभी होवेगा. गृहमंदिर (घरदेरासर) में जाके प्रथमसे प्रमार्जना करके पूजा करने लायक वस्त्र पहिनके अष्टपट मुखकोश बांधे. मन, वचन, काया, वस्त्र, भूमि. पूजाके उपकरण, स्थिति (स्थिरता) यह सात प्रकारकी शुद्धी पूजाके समय करनी. स्त्रीका पहिना हुवा वस्त्र पुरुष पूजा समय नहि पहिरे और पुरुपका पहिना हुवा वस्त्र स्त्री नहि पहिरे क्योंकी उससें कामरागकी वृद्धि होतीहै. उत्तम कलसमे भरा जलसें भगतकों जलका अभिषेक करे और पीछे उत्तम वस्त्रसे अंग लुंछन करके चंदना-

दिकसें पूजा करे. केशर चंदन चढाते नीचे लिखित काव्य उच्चार करके चढावे.

सच्चंदनेन घनसार विमिश्रितेन,
कस्तूरिका द्रव युतेन मनोहरेण ।
रागादि दोष रहितं महितं सुरेंद्रै,
श्रीमज्जिनं त्रिजगतः पति मर्चयामि ॥

पुष्प चढाने समय नीचे लिखित काव्य बोले.

जाति जपा बकुल चंपक पाटलाद्यै,
मंदार कुंद शत पत्र वरारविंदैः ।
संसार नाश करणं करुणा प्रधानं,
पुष्पैः परैरपि जिनेंद्र महं यजामि ॥

धूप करने समय नीचे लिखित काव्य बोले.

कृष्णागुरु प्रचुरिता सितया समेतं,
कर्पूर पूरमहितं विहितं सुयत्नात् ।
धूपं जिनेंद्र पुरतो गुरुतोष पोषं,
भक्त्योत्क्षिपामि निज दुष्कृत नाशनाय ॥

अक्षत चढानेके समय नीचे लिखित श्लोक बोले.

ज्ञानंच दर्शन मथो चरणं विचिंत्य,
पुंज त्रयंच पुरतः प्रविधाय भक्त्या ।
चोक्षाक्षतैः कणगणैः रपरै रपीह,
श्रीमंतमादि पुरुषं जिन मर्चयामि ॥

फल चढाने समय नीचे लिखित काव्य बोले.

सन्नालिकेर पनसामल बीजपूर,

जंबीर पूग सहकार मुखैः फलैस्तैः ।
स्वर्गाद्यनल्प फलदं प्रमदा प्रमोदं,
देवाधिदेव मधुना प्रशमं महामि ॥
नीचे लिखित काव्य बोलके नैवेद्य चढावे.
सन्मोदकै वैटक मंगक शालि दालि,
मुख्यै रसंख्यरस शालिनि रन्नजोज्यैः ।
क्षुत्तृट्व्यथाविरहितं स्वहिताय नित्यं,
तीर्थाधिराज महमादरतो यजामि ॥
नीचे लिखा काव्य बोलके दीपक चढावे.
विध्वस्त पाप पटलस्य सदोदितस्य,
विश्वावलोकन कला कलितस्य नक्त्या ।
उद्योतयामि पुरतो जिननायकस्य,
दीपंतमः प्रशमनाय शमांबुराशेः ॥
नीचे लिखित काव्य बोलके जल चढावे.
तीर्थोदकै धुंतमलै रमलस्वनावं,
शश्वन्नदी ह्रदसरोवर सागरोत्थैः ।
कुर्वार मार मद मोह महाहितार्क्ष्यं,
संसार ताप शमनं जिनमर्चयामि ॥
नीचे लिखित काव्य बोलके हाथ जोड नमस्कार करे.
पूजाष्टक स्तुति मिमा मसमा मधीत्य,
योनेन चारु विधिना वितनोति पूजां ।
नुक्त्का नरामरसुखान्यखिलंनितानि,
धन्यः सुवास मचिराल्लनते शिवेपि ॥

नया मंदिर बनाना चाहे तो अपने घरमें प्रवेश करते मायें हाथपर जमीनसें देढ हाथ उंचे शल्य रहित पवित्र स्थानपर मंदिर बनावे. पूजा करने-वाला पूर्व अथवा उत्तर दिशाके सन्मुख बेठे परं विदिशामें न बेठे और दक्षिण दिशातो सर्व कार्यमें वर्जितहे.

पूर्व दिशा सामने बेठके पुजा करनेसें लक्ष्मीका लाभ होय. अग्नि दिशामें बेठेतो संताप उपजावे. दक्षिण दिशामे मृत्यु कारक. नैरुतमें बेठेतो उपद्र-व करे. पश्चिम और वायव्य दिशामें बेठेतो संता-नकी हानी करे. दो पांव, दो ढीचण, दोहाथ, दो स्कंध (खभा) एक मस्तक यह नव स्थान पर अनुक्रमसें भगवंतकी प्रथम पूजा करे. उत्तम चंदन और केशर विना पूजा न करनी. ललाट, मस्तक कंठ, हृदय, पेट, इतने स्थानपर अपने तिलक करना.

प्रभातें शुध्ध वाससें,मध्यान्हें पुष्पादिकसे संध्या समय धूप दीपसें भगवंतकी पूजा करनी.एक पुष्पके दो विभाग नहि करना.कलिको छेदनानहि.पत्र,पांखडि, कलिकों छेदन करनेसें हिंसा जेसा पाप लगताहे. हस्तसें गिरा,पेरकोलगा, जमीन पर पडा, शीर पर धरा एसे पुष्पोंसें कहि पूजा न करनी. गंध रहित, तीव्र सुगंध वाला, नीच जातिजन फर्शित, कीटक दंशित, मलीन वस्त्रसे वेष्टित, एसे पुष्पसें पूजा कर-

नी नही. भगवंतके वामांगमें धूप रखना. जल पात्र सन्मुख रखना. पान अथवा फल हस्तमे रखना. उपरोक्त अष्ट प्रकारी पूजा हररोज करनी और नीचे लिखि एक वीस प्रकारी कोइ पर्व तिथीमे अथवा तीर्थ स्थानोंपर अवश्य करनी

एकीस प्रकारी पूजाके नाम.

स्नात्र, चंदन, दीप, धूप, पुष्प, नैवेद्य, जल, ध्वजा, वासक्षेप, अक्षत, सुपारी, तांबुल, भंडारवृध्धि, फल, वाजित्र, गीत, नाटक, स्तुति, छत्र, चामर, आभूषण.

विशेष लाभार्थी श्रावक शुध्ध वस्त्रसे सुशोभित होके अशुचि मार्गको छोडके अच्छे मार्गसे ग्रामचैत्य (पंचायतीमंदिर) दर्शनके लिए जाय.

पूजाका फल विषे.

मंदिरमे दर्शनके लिए जाउंगा एसा विचार करनेसें एक उपवासका, जानेंकों उठेंतो दो उपवासका, मंदिरके मार्गमे चलेतो तीन उपवासका, मंदिरको देखनेसे चार उपवासका, मंदिरके दरवजेपर आनेसे छउपवासका, मंदिरके अंदर जाके दर्शन करनेसे पंदरे उपवासका, जिन पूजा करनेसें एक मासके उपवासका फल मीले. तीन वार "निःसीही" शब्दकों उच्चारके मंदिरमें प्रवेश करना. मंदिरकी प्रथम सारसंभाल (देखरेख)करके पीछे पूजा करना.

मूलनायककी प्रथम पूजा करके पीछे अंदर बाहार सब जिनबिंबकी पूजा करना. अवग्रहसें बाहिर नीकलके पीछें भक्ति सहित वंदना करे. फिर सामने बेठके चैत्य वंदना करे. एक नमुथ्थुणंका पाठसें जघन्य, दो नमुथ्थुणंसे मध्यम, पांच नमुथ्थुणंसे उत्तम चैत्य वंदना जाणनी. फिरभी दुसरी प्रकारसेंभी तीन प्रकारकी चैत्य वंदना होतीहे. स्तुति पाठ बोलते योग मुद्रा, वंदना करते जिनमुद्रा, प्रणिधानके समय मुक्ताशुक्ति मुद्रा, करनी. (नमुथ्थुणंका पाठ उच्चरते योग मुद्रा, जावंति चेइयाइं यहपाठ वखत जिनमुद्रा, जयवियराय उच्चरते मुक्ताशुक्ति मुद्रा करी जातीहे.) (यह परंपरागत आम्नायहे) पेटके उपर दो हाथकी कुणी स्थापन करके, कमल डोडाके अकार दोहाथकों एकिठे संयोजित करके परस्पर अंगुलियोकों योजित करने कों "योग मुद्रा" कहते हे. (यह चैत्यवंदन करने के वख्त होती हे) चार आंगुली आगे, और तीन आंगुली पीछें, पिछुलि (पोहोली) रखे, फिर दोहाथ अपने घुटणके पास टटार रखके, नीची दृष्टीसें खडा रहनेको "जिनमुद्रा" कहतें हें. (यह कायोत्सर्ग समय होतीहे) दो घोटणके बिचमें रहे हुवे, मोति पकनेकी दो छीपके समान दोनुं हाथ परस्पर जुडे हुवे होय; एसे आकारवाले दो हाथोंकों अप

नी ललाट (कपाल) पर लगाना उस्कों "मुक्ता शुक्ती" मुद्रा कहतें हे (यह मुद्रा जय वीयराय कहती वख्त करी जाती हे)

नगवंतकों नमस्कार करके मंदिजीसे वहार निकल ती वख्त "आवस्सही" एशा उच्चार करके निकले. फिर घर जायके अपने नाइ मित्रोंको साथ लेके नदय अनदयका (विचारवाला) नोजन करे . (२१

पग धोया सिवाय, क्रोधांध होके, दुर्वचन वोल ता दक्षीण दिशाके सन्मुख वेठके नोजन करेसो रा क्तस नोजन कहा जाताहे.

पवित्र वस्त्र ओर शरीरसें अछे स्थानपर वेठके स्थि रतासें देव गुरुको याद करके, नोजन किया जाय सो मानुष्य नोजन गिना जाताहे. स्नानादिकसें श रीर शुद्ध करके, जिनपूजाकरके पूज्य जनो (माता पिता) कों प्रसन्न करके, मुनिजनोंकों ओर सत्पात्रों कों दानादिक देके पीछे नोजन किया जाय. सो उत्तम नोजन गिना जाताहे.

नोजन, मैथुन, वमन(कय उलटी) दातण, लघु नीति, वडीनीति (जाजा पेसाव) करनेके समय बु द्धिमानोंकों मौन रहना चहिये. क्यों की ज्ञान आ शातना होतीहे. अग्नि कोंन, नैरुत कोंन,ओर दक्षि ण दिशि यह तीन दिशा नोजनके वास्ते वर्जित हे सूर्यके उदय ओर अस्त समय, चंद्रसूर्यके ग्रहण

मय अपने बिरादरोंका शव (मुरदा) पडा होय,, तहां तक, नोजन नही करना.

संपदा ठते नोजन में लोन रक्के सो बमा मूर्ख हें. मानों वो पुरुष अन्य जनोंके लिए धन कमाताहे.

अशुद्ध और अज्ञात नाजनमें, जाति बाहिरके घरका वा उनके हाथका, अज्ञात और निषिद्ध अन्न पान फलादिक खाना नही.

वाल, स्त्री, गर्नपात, गो, ए चार हत्याके करने वालेकी, आचार भ्रष्टो.की, कुलमर्यादाका उलंघन करनेवालोकी पंक्ति में वेठ के जाणकार होके नोजन करना नही.

मदिरा, मांस, सेहेत, म्रक्षण (लुंणी मसका) वड पीपल उंवर वृक्षादि पांच जाति के फल, अनंतकाय, अज्ञात फल, फूल, साक, पत्र, रात्रि नोजन, कच्चे गोरससें मीला हुवा विदल, फूग लगाहुवा अन्न, दोदिन उपरांत का दहि, विगमा हुवा अन्न, जिस्में जीव पडे होय एसे फल, पत्र, पुष्प, औरन्नी जिस्मे जीव उत्पन्न होनेका संनव होय एसे अचारादिक सब अनक्ष्यों कों धर्मवंत प्राणी वर्जित करे. नोजन उर वडीनीतिमे विशेष देरलगाना नहि. पाणी पीनेमें और स्नान करनेंमें उतावल करना नहि.

पानी पीना नोजनकी आदिमे विष समान. अंतमें शिल्लासमान और मध्यमे अमृत समान जाणना

अजीर्ण हुवा होय तहां तक जोजन नही कर-
ना. पूर्ण क्षुधाकालमे अपने कों रूचे सो जोजन क
रना. जोजन किये पीछे मुख शुद्धि जल सुपारी तां
बूलादिकसे करनी.

विवेकी जन रस्तेमें चलते तांबूल न खाय. सुपा-
री प्रमुख अखत फल दांतोंसें जांगना नही. क्यों
की उससें जीव घात होता हे.

जोजन कीये पीछे उष्णकाल सिवाय सोना नही
क्यों की सोनेसे शरीरमें व्याधिका संजव होता हे.
इति दिनचर्यायां द्वितीयः वर्गः समाप्तः

॥ अथ तृतीय वर्ग प्रारंजः ॥

जोजन किये पीछे अपने घरकी शोजा देखता,
विचक्षणोंसें वार्त्तालाप करता, पुत्रादिकोंकों शिखा
वन देता थका सुखसें दो घडी वार विवेकी जन अ
पने घरमें ठहरे.

गुणकी प्राप्तिकरनी यह अपने स्वाधीन हे. ध-
नादिकका सुख दैवाधीन हे. एसे तत्ववेत्ताओंको
कजी गुणकी हानी नहि होती हे.

कुल हीन पुरुषजी अपने गुणसें उच्च दशाको
प्राप्त कर शक्ताहे देखिये किचकसें उत्पन्न होने
वाला पंकज (कमल) कों सब अपने शिरपर
धारण करतेंहे और पंक (कादा किचक) पेरसें
घिसा जाता हे.

गुण उत्पन्न होनेके लिए कोइ कुल वा खांण नही हे परं उत्तम प्राणि अपने गुण करके प्रख्यात और उच्चदशा प्राप्त होता हे. जेसें सत्वादि गुण युक्त प्राणी राज्य योग्य हो जातेंहें तेसें एक विंशशति गुण युक्त होनेंसें प्राणिगण धर्म योग्यहो शक्ते हे.

(१) जिस्का हृदय क्षुद्र (तुछ) नहो, (२) सौम्य होय, (३) रूपवंत हो (४) जन वल्लभ्र हो (५) क्रुर न हो, (६) भवभीरु (संसारसें जन्म जरामरणादिकसे डरताहो)(७) मूर्ख न हो (८) दाक्षिणतावाला हो (९) लज्जावंत हो (१०) दया सहित हो (११) मध्यस्थ हो (१२) सौम्यदृष्टि हो (१३) गुणरागी हो (१४) सद्धक्ता हो (१५) सुपरिवारयुक्त हो (१६) दीर्घदृष्टी हो (१७) कुल परंपराकों माननेवाला हो. (१८) विनीत हों. (१९) गुणकों भूलनेवाला न हो- (२०) परहित हितार्थी हो (२१) सब बातोका समजदार हो. यह इक्किस गुण युक्त प्राणी धर्म रत्नके योग्य हो शक्ताहे.

पंडित पुरुषोने बहुत करके राज कथा, देशकथा, स्त्री कथा, भक्त कथा नही करनी क्यों की एसी विकथा करनेसें कुछ लाभ तो होता नही परं अनर्थका तो बरोबर संभव हे.

धर्म कथाभी अपने सुमित्रो और बंधवोंसें कर-

नी. धर्मशास्त्रके रहस्य के जाणकारोंके साथ धर्म (तात्वीक) विचार जरूर करना चाइये.

जिससें पाप (अधर्म) बुद्धिकी वृद्धि होय एसें लोगोंमें मित्रता और सहवासनी नहि रखना. कोइका कोप, वचन सहन करना परं अपने न्यायको न गोडना.

अवर्णवाद तो कोइकानी विचक्षणने बोलना नही. और पिता गुरु, स्वामी, राजादिकका तो अवर्णवाद जरूर बोलनाहि नही.

मूर्ख, दुष्ट, अनाचारी, मलीनजातिवाला, धर्मनिंदक, कुशीलिया, लोनि, चोर, इतनेकी संगती कनी नहि करनी.

"अज्ञात जनकी प्रसंशा करनी,अज्ञातको अपने घरमें स्थान (उतारा) देना, अज्ञात कुलसे सादी करना, अज्ञातकों नोकर रखना, अपनेंसे बडे लोगोंसें कोप वा विरोध करना, गुणिजनसें तकरार करनी, अपनेसे अधिक दरजेवालेंकों नोंकर रखना, करजा करके धर्ममे धन लगाना, अपनी दुःखी अवस्थामेंनी अपना धन पराये हाथमें होयसों नही याचना, अपने बिरादरोमें विरोध करना, स्वजनों कों गेडकर अन्यजनोंसें मैत्री करना, शक्ति उते धर्ममे उद्यम नही करना, नोकरोका दंड करके उस धनसे अपनें मजा उडानी, दुःखी अवस्थामें अप-

ने बांधवोंका साहाय याचना, अपने मुखसें अपने गुणका वर्णन करना, अपने बोलते बोलते हंसना, जिस तिसका खाना," यह सब कार्य लोक विरूद्धहे और मुर्खताके चिन्हहैं सो त्याग करना. न्यायसे धन उपार्जन करना. अपनी रीत रीवाजोंमें देश, कालके विरुद्धका त्याग करना. राज विरोधियोका संग और महाजनसे विरोध न करना.कुल,शील,आचारमे अपने समान जनसे और भिन्न गोत्रवालेसें व्यावसादी करना. अपनी जातिवालोंके पडोसमें अपना निवास रखना. जहां उपद्रव होवे एसें स्थानका त्याग करना. अपनी पेदासीके प्रमाणमे खर्चरखना लोकमे निंदा न होय एसा अपनी संपदानुसार वेष रखना.अपने देशका आचारको और अपने धर्मको न छोडना.

जो अपना आश्रय चाहे उनकें हितमें रहना. अपना बलाबलका विचार रखना. अपने हित अहितका विशेष विचार रखके कार्यमे प्रवर्त्तना. अपनी इंद्रियोंकों वश्य रखना. देव व गुरुमें बडा भक्ति भाव रखना. स्वजन, दीन हीन दुःखी, अतिथी की यथायोग्य आगता स्वागता करनी. यह विचार चातुर्यताकों अपनें चित्तमें रखना. विचक्षणोसें शास्त्रसुनता, वा सीखता थका विचक्षण कितनाक समय को व्यतीत करे. नसीब पर विश्वास रखकर निरू

द्यम वेठा न रहे परं धन उपार्जनका उपाय करे क्यो की उद्यम विना नसीव कत्ती फल देता नही है. कूमा तोल, कूडा माप, कूंमालेख प्रमुख अनर्थ कार्योको त्याग करके शुद्ध व्यवहारसे व्यापारमे सदा प्रवर्त्ते. अंगारकर्म, वनकर्म, शकटकर्म, नाटक कर्म, स्फोटककर्म, दंतवाणिज्य, लाक्तावाणिज्य, रस वाणिज्य, केशवाणिज्य, विपवाणिज्य, यंत्रपीमन, निर्लांछन, (वेलके कर्ण नाक अंड नख रोम छेदना) असतीजन पोप (कुत्ते विल्ले तोते प्रमुख जानवरोसे आजीविका करनी) दवदान (दव लगाना) सर द्रह तलाव शोपण करना. यह पंदरे कर्मादानका व्यापार श्रावक न करे.

लोखंम, महुडाके पुष्प, मदिरा, सेहेत (मधु) कंद, मूल, पान, फल, प्रमुख वस्तुका आजीविका निमित्त श्रावक व्यापार न करे.

उष्ण कालमें वहुत जीव विराधना होनेके नय सें विचक्षण श्रावक फाल्गुण माससें उपरांत तिल, गुड, टोपरा, द्राक्षा प्रमुख मेवा प्रमुखका व्यापार न करे.

चातुर्मासमें श्रावक गामीमे घोडे वेलोंको जोमे नही. वहुत आरंन प्रवर्त्तक कृपि कर्म श्रावक करे करावे नही.

योग्य मोल मिलता होय तो लेण देण करना. वहु-

त लाजके लिए अधिक लोज न करना क्यों की अधिक लाजके लोजसें कोइ समय मूल धनकाजी नाश हो जाता हे. विशेष लाज होता होय तथापि उद्धार कोइको न देना. दगिने रखके सिवाय धनके लोजसें कोइकों व्याजसें धन न देना.

चौरीका माल निश्चय हुवे पीछे थोडे मोलसे मिलता होय तो जी न लेना. सरस निरस वस्तुका जेल सेल न करना चोर, चंडाल, मलीन परिणाम वाला, धर्मभ्रष्ट, इनोंके साथ इह लोक परलोकके सुख वांछकोंने व्यवहार न करना.

विवेकी जन विक्रय समय असत्य न बोले. और लेनेके समय अपने वचनकीकबुलातकों लोपनही करे.

अदृष्ट वस्तुका सट्टा नहि करना. सोना, चांदी हीरा मणि प्रमुख पदार्थोंकी सत्यसत्य परिक्षा कीये विना लेना नही.

राज वल सिवाय अनर्थ और विपत्तीका निवारण होशक्ता नही इस्के लिए राज्यमें मैत्रता, परिचय, रखनी चाहिये परं राज्यमे पराधीन न होना (स्वाधीन रहना योग्य हे.)

तपस्वी, कवि, वैद्य, मर्मका जानकार, रसोइ करनेवाला, मंत्रवादी, अपने पूज्य (माता पिता धर्म गुरु विद्यागुरु) इनपर क्रोध न करना. द्रव्यार्थी पुरु

पकों अतिक्लेश, धर्मका उल्लंघन, नीचकी नोकरी, विश्वास घात, न करना.

लेण देणके कार्यमें अपने वचनका लोप करना नहि क्यों की अपने वचन पालनेवालोकी वडी प्र तिष्टा होती हे.

विचक्षणोंकों अपना धन मालका नुकसान होते छते भी अपने वचन पालनेकी वडि जरूरत हे. स्व ल्प लाभके वास्ते अपने वचनका लोप करनेवाले वसुराजाके न्याय दुःखी होतें हे.

एसे एसे व्यवहारमे तत्पर पुरुषो तीसरा और चोथा प्रहर दिन वितावे. और संध्या समय व्यालु करनेकों अपनें घरजावे. एकाशनादिक तप जिसनें किया होय उनोने संध्या समय प्रतिक्रमणके वास्ते अपने गुरुके पास जाना.

दिवसके अष्टम भागमे (चार घडी दिन छते) व्यालु करना. सूर्यास्त समय और रात्रिकों विवेकी ने भोजन करना नही. आहार, मैथुन, निद्रा, स्वा ध्याय (पठन पाठन) यह चार कृत्य संध्या समय प्राणिगणको विशेषकरके त्यागने चाहिये.

क्यों की सूर्यास्त समय भोजन करनेसें व्याधि होती हे. मैथुन करे तो दुष्ट गर्भ होता हे. निद्रा करे तो भूतादिकोंका उपद्रव होता हे. पठन पाठ नसे निर्बुद्धी होता हे.

व्यालु किये पश्चात् अवश्य दिवस छते चोवीहा रका पच्चक्काण करना. कदापि नही वन शके तो डु विहार तेविहार तो अवश्यमेव करनाहि चाहियें क्यों की रात्रिज्ञोजन त्यागनें से दररोज एकाशन करने जितना लाज मिल शक्ता हे.

जो प्राणी रात्रि ज्ञोजनमें दोष जाणके सवेर और सांजकों दो दो घमी आहारको आगेसें त्याग करतेंहे सो प्राणी पुण्यशाली जाणना. जो प्राणी यावज्जीव रात्रि ज्ञोजनकों त्याग करतेंहे.सो अवश्य अपने समग्र आयुष्यका अर्धज्ञाग के उपवासका फलको सहज मात्रमें प्राप्त कर शक्ता हे. और वो धन्य वादके योग्य होता हे. दिवस, रात्रिकों जो प्राणि मरजीमें आवे तव खाया करे और व्रत पच्चक्काणसे विमुख हे सो प्राणि अवश्य श्रृंग पुछ विनाका पशु समजनां.

रात्रिज्ञोजन करनेवाले पुरुष वूअडे, काक, विल्ल मांजार, गीध, सांवर, सूअर, सर्प, विछु, घीरोली, के अवतार प्राप्त करते हे. रात्रिकों हवन, श्राद्ध देवपूजा, दान, स्नान, और ज्ञोजन तो विशेष कर के नहीज करना एसा अन्य शास्त्रोमेंनि लिखाहे.

इति दिनचर्यायां तृतीय वर्गः समाप्तः ॥

स्वल्प जलसें हाथ पग और मुखकों प्रक्षालित करके धन्य धन्य मानता वडे हर्पसे संध्या समय धूप दीपादिकसें पुनः जिनपूजा करे.

सत्क्रिया सहित ज्ञान मोक्ष साधक होता है एसा जाणके संध्या समय पुनः आवश्यक करे.

क्रियाहे सोहि फल दायक होतीहे परं एकिला ज्ञान फल दायक नही हो शक्ता हे. देखिये स्त्रीकों जोगे विना और जोजनकों खाए विना एकिले उस्के सुखके जाननेंसे सुख न होता हे.

गुरुका योग न होय तो अपने घरमें स्थापनाचार्य अथवा नवकारवाली प्रमुख की स्थापना करके उस्के पास अवश्य प्रतिक्रमण करना.

धर्मसेंहि सर्व कार्य सिद्ध होतेहे एसा हृदयमें जाणके सर्वकाल तद्गत चित्त रहना.और धर्म समयकों न उल्लंघन करनां. कारणकी धर्मका साधनके समय गए पीठे अथवा समय न हुवे पहिले जोजप तपादिक धर्म क्रिया कि इ जाय सो अनवसरपर उखर क्षेत्रमे वोए वीजके न्याय निष्फल हो जाताहे.

पंक्ति पुरुष जो धर्म क्रिया करताहे उस्मे सम्यक् विधि करताहे. क्यों कि न्यूनाधिक.विधि करनेसे मंत्रजापके न्याय न्यूनाधिक करनेसे लाजके वदले अधिक दोष लगताहे. अर्थात् न्युनाधिक क्रिया करनी नहि. औषधीजी लेनेकी विधिमे चूक कीइ जाय तो अनेक अनर्थको उपजा शक्तीहे तेसें धर्म क्रियाजी अविधिसें सेवनकीइ जायतो अनेक अनर्थ उपजाती हे. वास्ते विधिमे बिलकुल चूक करना

हि नहीं. वैयावच्च (गुरुसेवा, पगचंपी) करनेसें अ
क्षय सुख, मंगल, श्रेयकी प्राप्ति होतीहे. इसलिए
प्रतिक्रमण समाप्ति पीछे विवेकी गुरुकी विश्रामणा
करे. गुरुकी विश्रामणा समय मुखपर वस्त्र लपेटनां,
गुरुकों अपने पगका स्पर्श न होने देना. एसें गुरूके
सर्व शारीरीक खेदको मीटावे. उपाश्रयसें निकलके
रस्तेमें जो जो जिनमंदिर आवे उनमें दर्शन करता
थका अपने घर जाय. तिहां पग धोयके पंचपरमेष्टी
मंत्रका जाप करे.

मेरेको अरिहंतका, श्रीसिद्धजी महाराजका, के
वली जांपित धर्मका, साधुजी महाराजका शरण हो.

मंगलके करनेवाले, दुःखगणसें दूर रखनेवाले,
शीलसन्नाह (वकतर) को पेहेनकें काम कंदर्पकों
जितनेवाले थूलीजद्र मुनि कों नमस्कार हो.

गृहस्थ छतेजी जिस्की वडी शील लीलाथी और
सम्यक्त के प्रजावसे जिस्की विशेष शोजाथी एसे
सुदर्शन सेठकों नमस्कार हो.

कामकंदर्पकों जितनेवाले, आजन्मपर्यंत. अति
चार रहित ब्रह्मचर्यकों परिपालन करनेवाले एसे
मुनियोंको धन्य, कृत पुण्यसे नमस्कार हो.

एसे पंच परमेष्टीका स्मर्ण करके कामोदयके लिए
नीचे प्रमाणे विचार करे. जिस्ने अपनी इंद्रियोका
जय कियाहि नहि एसे वहुल कर्मी, निःसत्व, जीव,

एक दिन मात्रजी शील पालनेको समर्थ नहो शक्तें हे. हे संसार समुद्र. मदिराजेसेमदयुक्त नेत्रोंवाली स्त्रीरूप दुस्तर पहाड विचमें न होते तो तेरा पार कों प्राप्त करना कुछ दूर नथा. मुक्ति पदकों अंतराय करनेवाली स्त्रीये प्राणिगणकों अवश्यमेव एक शिक्षारूपहि गिणनी चहिये. असत्य, साहस (उतावल) माया (कपट)मूर्खता,लोजकी अधिकता,अपवित्रता, दया रहितता,इतने दोप स्त्रीयोंमे स्वजावसेंहि होतें हे.

जो स्त्री (मुक्ति) रागी उपरजी वैरागी होती हे एसी स्त्रीकों कोन जोगवेगा ? जो पंमित होगा सोहि जोगवेगा. क्यों कि मुक्ति रूपिणी स्त्री वैरागी उपर वरोवर रागी हे परं रागी उपर रागी नहीहे.

एसा स्त्रीयोंके विपयमे असारता विचारता थका समाधिमे कितनाक काल निद्रा करे. परंतु पर्वतिथी प्रमुख उत्तम दिनोमे उत्तम श्रावक स्त्रीयोंसे विपय जोग करे नही.

विवेकीगण वहुत काल निद्रामें व्यतीत न करे. क्यों की विशेष निद्रा करनेसें धर्म अर्थ और सुख ए तीनोंका नाश होता हे.

जो प्राणी स्वल्प (थोमी) निद्रा करे, स्वल्प आहार लेवे, स्वल्प आरंज करे, स्वल्प परिग्रही, स्वल्प क्रोध करनेवाला होय एसे लक्षणवालोंको अवश्यमेव स्वल्प संसार होता हे.

निद्रा, आहार, नय, स्नेह, लज्जा, काम, कलि (लडाइ) क्रोध. यह चिजें ज्यों ज्यों अधिक कीये जांय त्यों त्यों अधिक वढती जाती हे.

विघ्न रूप वल्लिका समुदायकों छेदनेंमें साक्षात् कुहाडा समान श्री नेमिनाथ नगवंतकों याद कर के सयन करें तिनकों अवश्यमेव दुष्ट स्वप्नोंका परा नव न हो शक्ता हे.

अश्वसेन राजा ओर वामादेवी राणीकें पुत्र, श्रीपार्श्वनाथजीका नाम स्मरण करके सोवे तो अवश्य मेव अनर्थ कारक दुष्ट स्पप्न न देखें. महसेन राजा ओर लक्ष्मणा नाम राणीके पुत्र श्री चंद्रप्रन स्वामीका स्मरण करनेंसें सुखसें निद्रा आती हे. सर्व विघ्नरूपी सर्पके दूर करनेंमें साक्षात् गरुरु समान, परम सर्व सिद्धिके प्रदायक, श्री शांतिनाथ स्वामीका जो ध्यान करताहे उनकों विलकुल नय न हो शक्ता हे.

॥ इति दिनचर्यायां चतुर्थ वर्गः ॥

सर्व नवोंमें उत्तममें उत्तम यह मनुष्य जन्मकों प्राप्त होके प्राणि गणने उसे सुकृत करके सकल सफल करना. निरंतर धर्मके सेवनसें सुखनी तदनुसार अचल मिल शक्ता हे. वास्ते दान, विद्याध्ययन, शुनध्यान. जप तपादिक सुकृत्योंमें अपने दिन अवंध्य (अखंरु) करना.

आयुपके तीसरे नागमे अथवा अंत्य समयमे

जीव आगंतुक नवका शुनाशुन आयुष्य बांधताहे-आयुष्य बंधका तीसरा नाग बहुत करके पंच पर्वी की तिथीयोके दिन आताहे इसलिए पंच पर्वणीमे आरंन त्यागादिक सुकृत्यों कीये जांय तो अवश्य शुन आयुष्य बंध होय. वास्ते पंच पर्वणीमे अवश्य विशेष धर्म कृत्य करना उचित हे.

प्राणी द्वितीया तिथीके आराधनसें रागद्वेषकों जय करके आगंतुक नवमें साधु श्रावक यह दो प्रकारके धर्मकी प्राप्ति कर शक्ताहे.

पंचमीके आराधनसे पंच ज्ञानकों प्राप्त करके फिर पंच विध प्रमादका त्याग होनेसें शुद्ध चारित्र धर्मकों प्राप्त हो शक्ता हे.

दुष्ट अष्ट कर्मोंके नाश करनेके लिए और अष्ट मदका जय करनेके लिए पुनः अष्ट प्रवचन माताका परिपालनके लिए अष्टमी तिथीकी आराधना करना ठीक हे.

एकादशीके आराधनसें ग्यारह अंगके ज्ञानकी प्राप्ति होतीहे और ग्यारह श्रावककी प्रतिमाकों वहनेकी योग्यता प्राप्त होती हे.

चतुर्दशीके आराधनसें प्राणी चउद पूर्वके ज्ञान योग्य होके चउदे राजके उपर सिद्धत्वावस्थाकों प्राप्त होता हे.

यह पंच पर्वणीका महिमा याद करके पंच पर्व

णीमे जो धर्माराधन करेतो अवश्य शुभ फलकों प्राप्त कर शक्ता हे.

अतएव पंच पर्वणीमे विशेष धर्माराधन तप जपादिक करना और उत्तर गुणकी वृद्धिके लिए स्नान, मैथुनादिकका अवश्य त्याग करना. पर्वणीमे अवश्य पौषध करना. न वन शके तोभी प्रतिक्रमण सामायक जप तपादि अवश्य करना.

पर्वणीमे कल्याणकादि तप करना. उपवास एकाशणा, आयंबिल, बियाशणा, नीवी प्रमुख तपसे विंशति स्थानक तप आराधना.

जो विधि पूर्वक यह तप आराधन किया जाय तो परम सुखके प्रदायक, सर्वोत्कष्ट तीर्थंकर गोत्र उपार्जन हो शक्ता हे.

पंचम्यादि तपका उद्यापन करनेसे प्रणिधानकी पूर्णाहुती होतीहे और विशिष्ट फलकी प्राप्ति हो शक्ती है वास्ते उद्यापन अवश्य सब तपके करना. उपवास करके जो प्राणी पाक्षिक प्रतिक्रमण करताहे सो अवश्य पंदरे दिनके पापकी शुद्धी करता हे और उनके उभय पक्ष शुद्ध होशक्ते हें. तीन चोमासीमें (आषाढ, फाल्गुण, कार्तिक की चउदसीमें) अवश्य षष्ट (वेला) करना चहियें.

आठम चउदश पंचमीकेदिन उपवास, प्रतिक्रमण, आरंभवर्जन, अवश्य करना. भादोंकी श्रीपर्यू

पणपर्वणीमें अवश्य कल्पसूत्र सुनना. और यथा शक्ती विशेष धर्म कर्म करना. श्रावक धर्म कर्ममे संतोष न करे परं आरंजादिकमे संतोष करके अवश्यत्याग करे. उत्तम श्रावक एकवीस वार जो कल्प सूत्रकों सुनेतो अवश्य आठजवमें सिद्धि पदको प्राप्त हो शक्ता हे. निरंतर सम्यक्तके और ब्रह्मचर्यके पालनेसें जो लाज होताहे उससें अधिक कल्प सूत्र सुननेंसें होशक्ता हे. दान देनेसें विचित्र तप करनेसें, सत्तीर्थके सेवन करनेसें, जो प्राणिगणके पाप क्षय होते हे सो सब शास्त्र श्रवण का महिमा हे. मुक्तिसें कोई अधिक तप, शत्रुंजय से अधिक कोई तीर्थ, सम्यक्तसे कोई तत्व, कल्प सूत्रसें अधिक महिमावंत कोइ सूत्र नहीं हे. दीवालीकी अमावास्याकी रात्रिको जगवंत महावीर स्वामी मोक्ष गए और उसी प्रतिपदाके प्रातः काल श्री गौतम स्वामीजी केवल ज्ञान पाये हे इसलिए यह दोदीन अतीव पवित्र हे वास्ते उपरोक्त महा पुरुषोंका उसदिन ध्यान स्मर्ण करना. दीवालीमे दोउपवास, करके धूप, दीप, करके अखंड चावलसे गौतम स्वामीके नामका वा मंत्रका जाप करे तो इह लोक परलोकमे महोदय सुख पामें. अपने घरमे वा ग्राम चैत्यमें विधि पूर्वक पूजा करके आरती मंगल दीपक करके अपने घर जायके अपने जाइ मित्र

पुत्रादिक कों साथ लेके भोजन करनां. जगवंतके पंचकल्याणकों के दिनमे यथाशक्ती सत्पात्रोंकों और याचकों को दानदेना.

॥ इति दिन चर्यायां पंचम वर्गः ॥

उत्तम श्रावक धर्म कर्ममे प्रवृत्ति रखता थका पूर्ण निवृत्तिको प्राप्त कर शक्ताहे इसलिए अतृप्त मनसे निरंतर धर्म कर्म अवश्यमेव करना.

जिस धर्मसें यह संपदाको प्राप्त हुवा हे तो अवश्य उस अपने उपकारीकों सेवन किये विना कोन रहेगा. एसा कोन मूर्ख होय की जिससें आगामी कालमें लाभ होने वालाहे एसे स्वामी (धर्म) को सेवन करनेमें प्रमाद रखके आप स्वामी द्रोहीका पातकी वने?

दान, शील, तप, भाव यह चतुर्विध धर्मकों धीर पुरुष आराधके (पुण्यानुबंधिपुण्य) और मोक्ष सुखक्यों प्राप्त करलेता हे.थोडामेंसेंभी थोडा दानदेना परं बहुत मिलनेकी अपेक्षा न रखनी,क्योंकी इच्छानुंसारी लक्ष्मी क्या मालम कव मिलेगी?

ज्ञानदानसे ज्ञानवान् होता हे. अभयदानसें निर्भय होता हे. अन्नदानसें सुखी होता हे. औषध दानसें प्राणि अवश्य निरोगी होता हे.

पुण्यकर्मसे कीर्त्ति होतीहे. दान हे सो मात्र कीर्त्तिके लिए नही हे परं मोक्ष सुखके वास्ते दिया

जाताहे. मात्र कीर्त्तिके लिए जो प्राणी दान देतें हें सो दान धर्म नही हे परंतु वो व्यसन हे. (विनोद मात्र हे एसा जाणना.) व्याजमें धन डुगुणा होता हे. व्यापारसें चोगुणा लाज होता हे. क्षेत्रसे सो गुणा लाज होता हे. परं पात्रदानमें अनंतगुण लाज हो शक्ता हे.

साधु, साध्वी, श्रावक, श्राविका, प्रतिमाजी, मंदिरजी, ज्ञान यह सात क्षेत्रमे धनका बोना बीजके न्याय विशेष लाज दायक होता हे. जो प्राणि जक्ति जावसे जिन मंदिर नया बनाताहे उस्मे बहुत लाजहे. क्यो की नये बनाये मंदिरके जितने परमाणु (रजकण) की संख्या होती हे तितने पल्योपम प्रमाण देव सुख जोगता हें.

औरजी यह हे कि जितने दिन नया मंदिर रहता हे तितने हजार वर्ष मंदिर बनानेवाला देवायु जोक्ता होसक्ता हे.

सोना, चांदी, पाषाण, रत्न, मृत्तिका प्रमुखकी यथाशक्ति जो प्राणी नयी प्रतिमां जरावे तो जरानेवाला प्राणी तीर्थंकर पद पामताहे.कममे कम एक अंगुष्टमात्रकीजी जो प्राणी नयी प्रतिमा जरावे सो प्राणी अवश्य देवादि सुख जोगके परमानंद पद प्राप्त होता हे. मोक्षफलका देनेवाला धर्मरूप वृक्षका मूल समान यह जैनागमको जो प्राणी लिखा

ताहे वांचताहे और जावसे सुनताहे तो उनको अ
यंत जावकी (सम्यक्तकी) विशुद्धी होती हे.

जो प्राणि जैनागम लिखाके गुणिजनोंको वांचने के लिए समर्पण कताहे उनकों उस शास्त्रके वर्ण मात्र अक्षरकी संख्या जितने वर्ष देवलोक गति प्राप्त होती हें।

जो ज्ञानकी जक्ति करी जातीहे वो ज्ञान विज्ञानसे शोजनीक होताहे. ज्ञान विज्ञानकी प्राप्तिकरने वाला अन्नदानहे इसलिए उत्तमजन हर वर्ष यथा शक्ती एकैक स्वामीवत्सल करें. बांधव कुटुंबको जिमाना यह संसार हेतुहे परं उस्मेंजी साधर्मीक वत्सल किया जायतो अवश्यमेव विशेष लाज प्रद होता हे. अर्थात् जवसंसारसे तारकता गुणनिष्पादक हो सक्ता हे.

हर वर्ष सर्व प्राणीने अपने अपने तरफसे अवश्यमेव एक वार तो स्वामी वत्सल करना हि चहिये. विवेक वान् श्रावक हर वर्ष एक वार तो अवश्यमेव श्रीसंघपूजा (प्रजावना) यथाशक्ति करे. योग्य आहार वस्त्र प्रमुख श्रीगुरुकों जलीजक्ति जावसें देवे. यद्यपि अपनी विशेष शक्ति न होय तथापि यथाशक्ती सत्पात्रोंकों असन, पान, खादिम स्वादिम, वस्त्र, पात्र, औषध प्रमुख अवश्य मेव देवे.

कूवा, आराम, वगीचा, वृक्ष, तलाव, गो प्रमुख जो दान करते हे तथापि उनका जल प्रमुखको हानी नही आती हे प्रत्युत उनकी वृद्धि होतीहे तेसें सत्पात्रमें दान देनेसें धन जाता नही हें परं प्रत्युत उनकी वृद्धि करता हे एसा समजना चहिये.

प्रत्यक्ष देखियें की दान देने मे और भुक्तभो गी होनेमे कितना वडा अंतर(फरक) देखाजाताहे. भुक्त भोग (खायापीया) डुसरे दिनहि विष्टारूप होजाता हे. और दान दिया अक्षत होता हे (वृद्धि पामताहे) वास्तव में विचार किजीयें की देनेमें अ धिक लाभ हुवा कीखाय खरचाय वेठनेमें अधिक लाभ होता हे?सो विचारवंत आपहि समज सक्के हे.

शतसः प्रयाश करके प्राप्त किया और प्राणसेंभी अधिक वल्लभ, यह धन हे. उनकी गती (कार्य)मात्र एकदानहि हे.अन्य गतिजो देखिजाती हे सो मात्र विपत्ती समजीजाती हे. न्यायमार्गसे उपार्जित कि ये धनको जो विवेकी जन सप्त क्षेत्रमे नियोजित करते हे सो श्रावक अपने धन और जीवितकों स फल कर सक्के हे.

॥ इति दिनचर्यायां षष्टः वर्गः समाप्तः॥

इति चारित्रसुंदर गणि विरचितः आचार ग्रंथः समाप्तः

अथ वार्षिकचर्या माह

जैनोंको वर्षदिनमे अवश्य ग्यारह कृत्य करने चहिये सो वताते हे· प्रथम संघपूजा करनी सो यथाशक्ती नवकारवालीसें लेके सोंनामोहोर प्रमुख सव श्रावकोंमे अथवा अपने अपने गछमे वाटनी· अभी वर्त्तमानकालमे जिस्कों (पहिरावनी) कहते हें सो यथाशक्ती वर्षमे एक दो चार वार अवश्य करना चाहिये (इससें महालाभ होता हे)

दूसरा कृत्य साधर्मीक वात्सल्य दरवर्षमे एकवारतो अवश्यमेव करना· दुःखी जैनोंका यथायोग्य यथाशक्ती समुद्धरण करना. गुप्त दान करना· श्रावकोंकों आमंत्रण करके अंतरंग भक्तिभावसे जिमाना. और तांवुल पुष्पादिक देके प्रणाम करके सवका सत्कार करना· इससें तीर्थंकर गोत्र वंध होता हे·

तीसरा कृत्यमे अष्टाहिक यात्रा सो अष्टान्हिका महोत्सव मंदरजीमें करना· नही वनेतो एक वर्षमे एक वार पूजा तो अवश्य पढानी. ॥ चोथा कृत्यमें रथयात्रा सो एक वर्षमे एक वार अवश्य रथ निकालना· एकिलेसे नवनेतो कितनेक समुदाय मिलकेभी अवश्य करना· ॥ पांचमां कृत्यमे तीर्थयात्रा सो पंचतीर्थी वा हर कोइभी तीर्थकी समुदायसहित यथाशक्ती हरएकवर्ष एक यात्रा तो अवश्यकरनी.

छठे कृत्यमें देवद्रव्य वृद्धि करना. यथाशक्ती यथायोग्य एकवार तो भंडार ढोकना.चढावा बोलना.

सातमे कृत्यमे स्नात्रादि पूजा पढाना. पुण्यवान प्राणी नित्य स्नात्र पढातेहे यदि न बनेतोभी पर्वणी प्रमुखमे पढानी और एकवर्षमे जघन्यसे एकवारता अवश्यमेव स्नात्रपूजा पढानीइससेंभी अधिक लाभहे.

आठमें कृत्यमे हरवर्ष एकवारतो अवश्य विशेष विधिसे श्रुत.ज्ञान पूजा करना. यद्यपि ज्ञान पूजा हरहमेशका कर्तव्य हे तथापि ज्ञान पंचमी प्रमुख सब पंचमीके दिन यथाशक्ती वासक्षेप धूप दीप नैवेद्य.रोकनाणा वस्त्रादिकसे ज्ञानपूजा अवश्य करनी.

॥ नवमें कृत्यमे हरवर्ष एक उद्यापन करना.इसमें यह विचारहे की हरेक प्राणीकों हरवर्ष एकेक तपतो नया जघन्यसें करनाहि चहिये.जो तप करना उस्का उद्यापन अवश्य करना. यद्यपि सब तपके उद्यापन नहि बन शके तो एक तपका तो जरूर करना.

॥ दशमे कृत्यमे तीर्थ प्रभावना करना. इस्मे.रथ नीकालना. गुर्वादीकोका नगर प्रवेश मोठव करना ग्यारमें कृत्यमे हरवर्ष पापकी शुद्धीकेलिए गुरुके पास वार्षिक पापकी आलोयणा लेणी. वर्ष दिवसमे अपने जाणतां अणजाता जो कुछ पाप हुवे होय सो गुरुकों कहना और उन पापकी शुद्धीकेवास्ते जो

प्रायश्चित (तप) करना कहेसो स्विकार करना ॥

इति दिनचर्यायां वार्षिक कृत्यानि ॥

॥ अथ आजन्म कृत्यान्याह ॥

त्रिवर्ग सिद्धिकेलिए सर्व प्राणिमात्रनें अपने जन्मसें जीवित पर्यंत अठारह कृत्य करना सो कहते हैं.

प्रथम कृत्य यहहे की जैनोने धर्म, अर्थ, काम यह तीन वर्ग यथायोग्य साधन हो शके एसे स्थान पर निवास करना क्योंकी जहां जिनमंदिर, अपने स्वजातीयजन, अपने गुरुकी जोगवाई, खान पान शुद्धी न होय एसे स्थानपर रहनेंसें सुख न हो सकेगा.

डुसरा कृत्य यहहे की त्रिवर्गसिद्धिके लिए यथायोग्य विद्याभ्यास करणा क्यों की संपूर्ण विद्या न होय तो सर्व प्रकारसे हानी प्राप्त होवेगी. त्रिवर्ग संसिद्धि न हो शकेगी.

तीसरा कृत्य उत्तम स्त्रीसे लग्न करना क्यों की स्त्री विना त्रिवर्गका सुख साधन न हो सक्ता हे.

चोथा कृत्यमे सन्मित्रोंसें मित्रता रखणी क्यों की सन्मित्रोंके सहवाससे कइकइ वातोंका लाभ मिल शक्ता हे नहिबणे तोभी एक दो धर्ममित्रतो अवश्य रखना चाहिये.

पंचम कृत्य यहहे की उत्तम प्राणीने यथाशक्ती एक जिन मंदिर अवश्य करना क्यों की इससे लक्ष्मी की साफल्यता और जन्म सफल होता हे.

छठे कृत्यमें अपने न्यायोपार्जित वित्तसें वहुत नहितो एक दो चारजी प्रतिमा जरावणी.

सातमे कृत्यमें यथाशक्ती प्रतिष्टा अंजन शलाकाके महोत्सव करने.

आठमे कृत्यमें पुत्रादिकोंकों धर्मयोग्य करने.

नवमें पदस्थोके पद महोत्सव यथाशक्ती करना.

दशमें कृत्यमे नीति, व्यवहारीक, धार्मीक शास्त्रें वांचनेका, संग्रह करनेका सोख रखणा.

ग्यारहमें कृत्यमें पौषधशाला, विद्याशाला, धर्मशाला, औषधशाला, पांगुलाशाला यथाशक्ती करना.

वारहमें कृत्यमे धर्म शुद्धिके लिए प्रतिमा वहना.

तेरहमे कृत्यमें जीवित पर्यंत सम्यक्त पालना-

चवदमे कृत्यमें जीवित पर्यंत यथाशक्ती व्रत पच्चरकाणकों निरतिचार परिपालन करना.

पंदरेमे कृत्यमें शक्ती होय तो दीक्षा लेना.

सोलहमे कृत्यमें वृद्धावस्थामें आरंज परिग्रह और अधिक खटपटोंका त्याग करना.

सत्तरामे कृत्यमे वृद्धावस्थामे शीलपरिपालन करना.

अठारहमें कृत्यमें अपना शमाधि मरण होय एसे साधन न रखने (सत्संगती प्रमुख रखके डुर्गती सें वचनां. और मनुष्य जवकों सफल करना ॥

॥ इति आजन्म कृत्यानि समाप्तानि ॥

॥ अथ चतुर्थ परिच्छेद प्रारंभः ॥

॥ अथश्री सीमंधरजिन स्तवन ॥ रासडाना राग मां ॥ रुपैयो ते आलुं रोकडो. महारा वालाजी रे ॥ ए देशी ॥

॥ मनडुं ते महारुं मोकले, महारावालाजीरे ॥ ससिहर साथें संदेश ॥ जइने कहेजो महरावाला जी रे ॥ ए आंकणी ॥ जरतना जक्तने तारवा ॥ मा० ॥ एक वार आवोने आदेश ॥ जइ० ॥ १ ॥ प्रजुजी वसो पुष्करावती ॥ मा० महाविदेह खेत्र मफार ॥ जइ० ॥ पुरी राजें पुंडरिगिणी ॥ मा० ॥ जिहां प्रजुनो अवतार ॥ जइ० ॥ २ ॥ श्री सीमंधर साहेवा ॥ मा० ॥ विचरंता वीतराग ॥ जइ० ॥ पडिवोहे बहु प्राणीने ॥ मा० ॥ तेहनो पामे कुण ताग ॥ जइ० ॥ ३ ॥ मन जाणे ऊडी मलुं ॥ मा० ॥ पण पोतें नहीं पांख ॥ जइ० ॥ जगवंत तुम जोवा जणी ॥ मा० ॥ अलजो धरे छे ए आंख ॥ जइ० ॥ ४ ॥ डुर्गम महोटा डुंगरा ॥ मा० ॥ नदी नालानो नहिं पार ॥ जइ० ॥ घाटीनी आंटी घणी ॥ मा० ॥ अटवीपंथ अपार ॥ जइ० ॥ ५ ॥ कोडी सोनैये कासीदी ॥ करनारो नहीं कोय ॥ जइ० ॥ कागलीयो केम मोकलुं ॥ मा० ॥ होंश तो नित्य नवली होय ॥ जइ० ॥ ६ ॥ लखुं जे जे लेखमां ॥ मा० ॥ लाख गमे अजिलाप ॥ जइ० ॥

तमें लेजामां ते लहो ॥ मा० ॥ मुफ मन पूरे छे सांख ॥ जइ० ॥ ७ ॥ लोका लोक सरूपना ॥ मा० ॥ जगमां तुमें छो जाण ॥ जइ० ॥ जाण आगें शुं जणावीयें ॥ मा० ॥ आखर अमें अजाण ॥ जइ० ॥ ॥ ८ ॥ वाचक उदयनी विनति ॥ मा० ॥ ससिहर कह्या संदेश ॥ जइ० ॥ मानी लेजो महारी ॥ मा० ॥ वस्ति दूर विदेश ॥ जइ० ॥ इति ॥

॥ अथ श्री युगमंधर जिन स्तवन ॥

मधुकरनी देशीमां ॥

॥ काया पामी अति कूडी, पांख नहींरे आवुं ऊडी, लब्धि नहीं कोये रूडीरे ॥ श्रीयुग मंधरने केजो ॥ दधिसुत विनतमी सुणजो रे ॥ १ ॥ श्रीयुग० ॥ ए आंकणी ॥ तुम सेवामांहे सुरकोमी, ते इहां आवे एक दोमी, आश फले पातक मोमीरे ॥ श्रीयु० ॥ २ ॥ डुखम समयमां एणे जरतें, अतिशय नाणी नवि वरते ॥ कहीयें कहो कोण सांजल तेरे ॥ श्रीयुग० ॥ ३ ॥ श्रवणें सुखीया तुम नामें, नयणां दरिसणनवि पामे, एतो ऊगमानो गामेंरे ॥ श्रीयुग० ॥ ४ ॥ चार आंगल अंतर रहेवुं, शोकम लीनी परें डुःख सहेवुं, प्रजु विना कोण आगल कहेवुं रे ॥ श्रीयुग० ॥ ५ ॥ महोटा मेहेल करी आपे, वेहुने तोल करी थापे, सज्जन जस जगमां व्यापे रे ॥ श्रीयुग० ॥ ६ ॥ वेहुनो एक मतो थावे,

केवल नाण जुगल पावे, तो सविवात वनी आवे रे ॥ श्रीयुग० ॥ ७ ॥ गजलंछन गजगतिगामी, विचरे विप्रविजय स्वामी, नयरी विजया गुणधामी रे ॥ श्रीयुग० ॥ ८ ॥ मात सुतारायें जायो, सुदृढ नरपति कुल आयो, पंमित जिनविजयें गायो रे ॥ श्रीयुग० ॥ इति ॥

॥अथ वीजनुं स्तवन ॥ फत्तमल पाणीमाने जाय, ॥ ए देशी ॥

॥ प्रणमी शारद माय, शासन वीर सुहं करूं जी ॥ वीज तिथि गुणगेह, आदरो नवियण सुंदरू जी ॥ १ ॥ एह दिन पंच कल्याण, विवरीने कहुं ते सुणो जी ॥ माहा शुदि वीजें जाण, जन्म अजिनंदन तणो जी ॥ २ ॥ श्रावण शुदिनी हो वीज, सुमति चव्या सुरलोकथी जी ॥ तारण नवोदधि तेह, तस पद सेवे सुरथोकथी जी ॥ ३ ॥ समेतशिखर शुनगाण, दशमा शीतल जिन गणुं जी ॥ चैत्र वदिनी हो वीज, वस्या मुक्ति तस सुख घणुं जी ॥४॥ फाल्गुन पासनी वीज, उत्तम उज्ज्वल मासनी जी ॥ अरनाथ तस च्यवन, कर्मक्षयें तव पासनी जी ॥ ५ ॥ उत्तम माघज मास, शुदि वीजें वासुपूज्यनोजी ॥ एहिज दिन केवल नाण ॥ शरण करो जीनराजनोजी ॥६॥ करणी रूप करो खेत, समकित वीज रोपो तिहां जी ॥ खातर किरियाहो

जाण, खेड शमता करी जिहांजी ॥ ७ ॥ उपशम तजुप नीर, समकित ठोम्क प्रगट होवे जी ॥ संतोष केरी हो वाम्क, पच्चरकाण व्रत चोकी सोहे जी ॥ ८ ॥ नासे कर्म रिपु चोर, समकित वृक्ष फल्यो तिहां- जी ॥ मांजर अनुजव रूप, उतरे चारित्र फल जि- हां जी ॥ ए ॥ शांति सुधारस वारी, पान करी सुख लीजीयें जी ॥ तंबोल सम ल्या स्वाद, जीवने संतो प रस किजीयें जी ॥ १० ॥ वीज करो वावीश उत्कृष्टी वावीश मासनी जी ॥ चोविहार उपवास पालियें शील वसुधासनी जी ॥ ११ ॥ आवश्यक दो य वार, पमिलेहण दोय लीजीयें जी ॥ देववंदन त्रण काल, मन वच कायायें कीजीयें जी ॥ १२ ॥ ऊजमणु शुज चित्त, करी धरीयें संयोगथी जी ॥ जिन वाणी रस एम, पीजीयें श्रुत उपयोगथी जी ॥ १३ ॥ एणि विध करियें हो वीज, रागने द्वेष दूरें करी जी ॥ केवल पद लहि तास, वरे मुक्ति उलट धरी जी ॥ १४ ॥ जिन पूजा गुरु जक्ति, विनय करी सेवो सदा जी ॥ पद्मविजयनो शिष्य,जक्ति पामे सुख संपदा जी ॥१५॥ इति श्री वीज तिथिनुं स्तवन ॥

॥ अथ श्री पंचमीनुं लघुस्तवन लिख्यते ॥

॥ पंचमीतप तमें करो रे प्राणी, जेम पामो नि र्मल ज्ञान रे ॥ पहेलुं ज्ञानने पठी क्रिया, नहिं को इ ज्ञानसमान रे ॥ पंचमी० ॥ १ ॥ नंदीसूत्रमां ज्ञा

न वखाएयुं, ज्ञानना पांच प्रकार रे ॥ मति श्रुत अ
वधि ने मनःपर्यव, केवल एक उदार रे ॥ पंचमी०
॥ २ ॥ मति अठावीश श्रुत चउदह विह, अवधि
असंख्य प्रकार रे ॥ दोय ज्ञेदें मनः पर्यव दाख्युं, के
वल एक उदार रे ॥ पंचमी० ॥ ३ ॥ चंद्र सूर्य ग्रह
नक्षत्र तारा, जेहवो तेज आकाश ॥ केवलज्ञान स
मुं नहिं कोइ, लोकालो प्रकाश रे ॥ पंचमी० ॥ ४ ॥
पारसनाथ प्रसाद करीने, ह्मारी पूरो उमेद रे ॥ स
मयसुंदर कहे हुं पण पामुं, ज्ञाननो पांचमो ज्ञेद रे
॥ पंचमी० ॥ ५ ॥ इति ॥

अथ ज्ञानपंचमी स्तवनं

॥ पुण्य प्रशंसीयें ॥ एदे शी ॥ सुत सिद्धारथ
ज्ञूपनोरे ॥ सिद्धारथ ज्ञगवान ॥ वारह परषदा
आगलें रे ॥ ज्ञापें श्रीवर्द्धमानोरे ॥ १ ॥ ज्ञवियण
चित्त धरो ॥ मन वच काय अमायो रे ॥ ज्ञान
ज्ञक्ति करो ॥ ए आंकणी ॥ गुण अनंत आतम
तणारे, मुख्यपणे तिहां दोय ॥ तेमां पण ज्ञानज
वडुंरे ॥ जिणथी दंसण होयरे ॥ २ ॥ ज्ञ० ॥ ज्ञाने
चारित्र गुण वधेरे, ज्ञान उद्योत सहाय ॥ ज्ञानें
स्थिविरपणुं लहेरे, आचारज उवझायरे ॥ ३ ॥
ज्ञ० ॥ ज्ञानी श्वासो श्वासमांरे, कठिण करम करे
नाश ॥वन्हि जिम इंधण दहे रे, क्षणमां ज्योति प्र-
काशो रे ॥ ४ ॥ ज्ञ० ॥ प्रथम ज्ञान पछें दया

रे, संवर मोह विनाश ॥ गुण ठाणंग पग थालीयें रे, जेम चढे मोक्ष आवासो रे ॥ ५ ॥ ज० ॥ मइ सुअ ओहि मणपज्जवा रे, पंचम केवल ज्ञान ॥ चउ मुंगा श्रुत एक ठे रे, स्वपर प्रकाश निदान रे ॥६॥ ज० ॥ तेहनां साधन जे कह्यां रे, पाटी पुस्तक आदि ॥ लखे लखावे सांचवे रे, धर्मी धरी अप्रमादो रे ॥ ७ ॥ ज० ॥ त्रिविध आशातना जे करे रे, ज णतां करे अंतराय ॥ अंधा बहेरा बोबडा रे, मुंगा पांगुला थायरे ॥ ८ ॥ ज० ॥ जणतां गुणतां न आ वडे रे, न मले वल्लज चीज ॥ गुण मंजरी वरदत्त परेंरे, ज्ञान विराधन बीज रे ॥ ए॥ ज० ॥ प्रेमें पूछे परखदा रे, प्रणमी जग गुरु पाय ॥ गुणमंजरी वर दत्तनो रे, करो अधिकार पसायो रे ॥ १० ॥ इति ॥

॥ ढाल बीजी ॥ कपूर होये अति उजलोरे ए देशी ॥

॥ जंबुद्वीपना जरतमां रे, नयर पदम पुरखास॥ अजितसेन राजा तिहां रे, राणी यशोमती तास रे ॥ १ ॥ प्राणी आराधो वर ज्ञान ॥ एहज मुक्ति निदान रे ॥ प्राणी० ॥ ए आंकणी ॥ वरदत्त कुंवर तेहनो रे, विनयादिक गुणवंत ॥ पितरे जणवा मूकियोरे, आठ वरस जब हुंत रे ॥ २ ॥ प्रा० ॥ पंमित यत्न करे घणो रे. ठात्र जणावण हेत ॥ अक्षर एक न आवडे रे, ग्रंथतणी शी चेत रे ॥ ३ ॥प्रा०॥

प्रथम यथा संपत्ति करके उपनेय (जिनोपवीत लेनेवाले) पुरुपकों सात, नव, पांच, वा तीन दिनतक सतैल निपेक स्नान (पीठी मर्दन) करावे. तदपीछे लग्नदिनमें गृहस्थ गुरु तिसके घरमें ब्राह्य मूहुर्तमें पोष्टिक करे. तद नंतर उपनेयके शिरपर शिखा वर्जके मुंडन करावे, पीछे वेदी स्थापन करे. तिसके मध्यमे चोकी (बाजोट) स्थापन करे, वेदी प्रतिष्ठा विवाहा धिकारसें जाणनां. बाजोटके उपर समव सरणकी रीति मुजब चोमुख (चारजिन बिंब) स्थापन करना, तिनकी पूजा करके गृहस्थ गुरु, जिसने श्वेतवस्त्र पहिनाहे, वस्त्रका उत्तरासंग करा हे, अक्षत श्रीफल सुपारी हाथमे लिएहें, एसे उपनेयकों समवसरणकों तीन प्रदक्षणा करावे, तदपीछे गुरु उपनेयकों वामे पासे स्थापके पश्चिमदिशाके सन्मुख जिसका मुखहे तिस जिन बिंबके सन्मुख बेठके प्रथम रुपन्न देवके स्तोत्र सहित शक्रस्तव (नमुथ्थुणं) पढे फेर तीन प्रदक्षिणा करके उत्तराभिमुख जिनबिंबके सन्मुख तेसेंहिं शक्रस्तव पढे. एसेंहि त्रिप्रदक्षिणांतरित पूर्वाभिमुख, दक्षिणा भिमुख जिन बिंबोके आगेभी शक्रस्तव पढे. मंगल गीत वाजित्रादिकों

का तिसवखत विस्तार रखणा. उन वखत आचार्य उपाध्याय साधु साध्वी, श्रावक, श्राविका रूप श्री सकल संघकों एकत्र करना। पीछे प्रदक्षिणा शक्र स्तव पाठके अनंतर गृहस्थ गुरु उपनयनके प्रारंभ वास्ते जैन वेद मंत्रका उच्चार करे. उपनेय (जिनोप वीतलेनेवाला) अपने हाथमें दुर्वा फलादीकसे पूर्ण हस्त अंजलिकरके खमाखमासुने.

उपनयारंभ जैनवेद मंत्रोयथा.

ॐ अर्हं अर्हद्भ्योनमः, सिद्धेभ्योनमः, आचार्येभ्योनमः, उपाध्यायेभ्योनमः, साधुभ्योनमः, ज्ञानायनमः, दर्शनायनमः, चारित्रायनमः, संयमायनमः, सत्यायनमः, शौचायनमः, ब्रह्मचर्यायनमः, आकिंचन्यायनमः, तपसेनमः, शमायनमः, मार्दवायनमः, आर्जवायनमः, मुक्तयेनमः, धर्मायनमः, संघायनमः, सैध्धांतिकेभ्योनमः, धर्मोपदेशकेभ्योनमः, वादिलब्धिभ्योनमः, पराांग निमित्तेभ्योनमः, तपस्वीभ्योनमः, विद्याधरेभ्योनमः, इहलोकसिद्धेभ्योनमः, कविभ्योनमः, लब्धिभ्योनमः, ब्रह्मचारीभ्योनमः, निष्परिग्रहेभ्यो नमः। दयालुभ्यो नमः, । सत्यवादिभ्यो नमः । निःस्पृहेभ्यो नमः । एतेभ्यो । नमस्कृत्यायं प्राणी प्राप्तमनुष्यजन्मा प्रविशति वर्णक्रमं अर्हं ॐ ॥,,

ऐसें वेदमंत्रका उच्चार करके फिर भी पूर्ववत् तीन तीन प्रदक्षिणा करके चारों दिशामें युगादिदेव

स्तवसंयुक्त शक्रस्तव पाठ करे। तिस दिनमें, जल जवान्न जोजन करके आचाम्लका प्रत्याख्यान उपनेयको करावे । तदपीछे उपनेयको वामे पासे स्थापके, सर्वतीर्थोदकोंकरके अमृताजलमंत्रकरके कुशाग्रोंसें सिंचन करे. ।

तदनंतर परमेष्ठिमंत्र पढके.

" नमोऽर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्व्वसाधुन्यः "

ऐसा कहके, जिन प्रतिमाके आगे उपनेयको पूर्वाजिमुख बैठावे; तदपीछे गृहीगुरु, चंदनमंत्रकरके अजिमंत्रण करे. ॥ चंदनमंत्रो यथा ॥

" ॥ ॐ नमो जगवते. चंद्रप्रजजिनेंद्राय, शशांक हारगोक्षीरधवलाय, अनंतगुणाय, निर्म्मलगुणाय, जव्यजनप्रबोधनाय, अष्टकर्म्ममूलप्रकृतिसंशोधनाय, केवलालोकावलोकितसकललोकाय, जन्मजरामरण विनाशनाय सुमंगलाय, कृतमंगलाय, प्रसीद जग वन् इह चंदनेनामृताश्रवणं कुरु २ स्वाहा ॥ "

इस मंत्रकरके चंदनको मंत्रके हृदयमें, जिनो पवीतरूप, कटिमें मेखलारूप और ललाटमें तिल करूप, रेखाकरे, तदपीछे उपनेय " नमोस्तु २ ऐसें कहता हुआ, गुरुके चरणोंमें पमके खमा होके हाथ जोडके ऐसें कहे. ।

" ॥ जगवन् वर्णरहितोऽस्मि । आचाररहितोऽस्मि । मंत्ररहितोऽस्मि । गुणरहितोऽस्मि । धर्म्मरहितोऽस्मि ।

शौचरहितोऽस्मि । ब्रह्मरहितोऽस्मि । देवर्षिपितृति थिकर्म्मसु नियोजय मां ॥"

ऐसें कहकर फिर "नमोस्तु २" ऐसें कहता हुआ, गुरुके चरणोंमें पडे; गुरु जी. इस मंत्रको पढके उपनेयको चोटीसें पकडके खडा करे । मंत्रो यथा ॥

"ॐ अर्हं देहिन् निमग्नोऽसि भवार्णवे तत्कर्षति त्वां भगवतोऽर्हतः प्रवचनैकदेशरज्जुना गुरुस्तदुत्तिष्ठ प्रवचनादानाय श्रद्धाधाहि अर्हं ॐ ॥"

ऐसें पढके उपनेयको खडा करके अर्हत्प्रतिमाके आगे पूर्वाभिमुख खडा करे. तदपीछे गृहीगुरु, त्रितं तुवर्त्तित—तीन तंतुकी बुणी, एकाशीति (८१) हाथ प्रमाण, मुंजकी मेखलाको अपने दोनों हाथोंमें लेके, इस वेदमंत्रको पढे.

"॥ ॐ अर्हं आत्मन् देहिन् ज्ञानावरणेन बद्धो ऽसि । दर्शनावरणेन बद्धोऽसि । वेदनीयेन बद्धोऽसि । मोहनीयेन बद्धोऽसि । आयुषा बद्धोऽसि । नाम्ना बद्धोऽसि । गोत्रेण बद्धोऽसि । अंतरायेण बद्धोऽसि कर्माष्टकेन प्रकृतिस्थितिरसप्रदेशैश्च बद्धोऽसि । तन्मोचयति त्वां भगवतोर्हतः प्रवचनचेतना तद्बु ध्यस्व मामुहः मुच्यतां तव कर्म्मबंधनमनेन मेखलाबं धेन अर्हं ॐ ॥"

ऐसा पढके उपनेयकी कटिमें नवगुणी मेखला को बांधे । तदपीछे उपनेय 'नमोस्तु २' कहता

हुआ, गृहीगुरुके पगोंमें पडे । मेखलाको एकाशी (८१) हाथपणा विप्रको एकाशीतंतुगर्भ जिनोपवीत सूचनकेवास्ते, क्षत्रियको चौपन (५४) हाथ तावत्प्रमाणतंतुगर्भ जिनोपवीत सूचनकेवास्ते, और वैश्यको सत्ताइस (२७) हाथ तद्गर्भसूत्रसूचनकें वास्ते है । ब्राह्मणको नवगुणी क्षत्रियको ठगुणी और वैश्यको त्रिगुणी, मेखला बांधनी । तथा मौंजी, कौपीन, जिनोपवीत, इनोंका पूजन, गीतादिमंगल, निशाजागरण, तिसके पूर्वदिनकी रात्रिमें करणा । मेखलाबंधनके पीठे फेर गृहस्थगुरु, उपनेयके विलस्त (वेंत) प्रमाण पृथुल (चौडा) और तीन विलस्त प्रमाण दीर्घ (लंबा) कौपिन दोनों हाथोंमें लेके ॥

" ॥ ॐ अर्हं आत्मन् देहिन् मतिज्ञानावरणेन श्रुतज्ञानावरणेन अवधिज्ञानावरणेन मनःपर्यायावरणेन केवलज्ञानावरणेन इंड्रियावरणेन चित्तावरणेन आवृतोऽसि तन्मुच्यतां तवावरणमनेनावरणेन अर्हं ॐ ॥ "

इस वेदमंत्रको पढता हुआ, उपनेयके अंतःकक्षकों कौपीन पहरावे । तदपीठे उपनेय 'नमोस्तु २' कहता हुआ, फिर नी गुरुके पगोंमें पडे । फिर तीन २ प्रदक्षिणा करके चारों दिशामें शक्रस्तव पाठ करे. ॥

तदनंतर लग्नवेलाके हुए गुरु, पूर्वोक्त जिनोपवीतको अपने हाथमें लेवे पीछे उपनेय फेर खमा होकर हाथ जोमके ऐसें कहे ॥

"॥ नगवन् वर्णोंचितोऽस्मि । ज्ञानोचितोस्मि । क्रियोञ्चितो । तज्जिनोपवीतदानेन मां वर्णज्ञानक्रियासु समारोपय ॥"

ऐसें कहके 'नमोस्तु २, कहता हुआ गुरुके पगोंमें पडे गुरु फिर पूर्वोक्त उत्थापनमंत्रकरके तिसको उगके खमा करे । तदपीछे गुरु दक्षिण हाथमें जिनोपवीत रखके ॥

"॥ ॐ अर्हं नवब्रह्मगुप्तीः स्वकरणकारणानुमतीरूरियेः तदद्वयमस्तु ते व्रतं स्वपरतरणतारणसमर्थो नव अर्हं ॐ ॥" क्षत्रियको

"॥ करणकारणान्यां धारयेः स्वस्य तरणसमर्थो नव ॥" वैश्यको

"॥ करणेन धारयेः स्वस्य तरणसमर्थो नव ॥" शेषं पूर्ववत् ॥

इस वेदमंत्रकरके पंच परमेष्टिमंत्र पढता हुआ उपनेयके कंठमें जिनोपवीत स्थापन करे । पीछे उपनेय तीन प्रदक्षिणा करके 'नमोस्तु २' कहता हुआ, गुरुको नमस्कार करे. गुरु नी "निस्तारगपारगो नव" ऐसा आशीर्वाद कहे । तदपीछे गुरु पूर्वानिमुख होके, जिनप्रतिमाके आगे शिष्यको

वामेपासे बैठाके, सर्व जगतूमें सार, महा आगम रूप क्षीरोदधिका माखण, सर्ववांछितदायक, कल्प द्रुम कामधेनु चिंतामणिके तिरस्कारका हेतु, निमे षमात्र स्मरण करनेसें मोक्षका दाता, ऐसें पंचपरमे ष्ठिमंत्रको गंधपुष्पपूजित शिष्यके दक्षिणकानमें तीनवार सुणावे पीछे तीनवार तिसके मुखसें उच्चा रण करावे ॥ यथा ॥

"॥ नमो अरिहंताणं । नमो सिद्धाणं । नमो आयरियाणं । नमो उवज्झायाणं । नमो लोए सव्व साहूणं ॥" पीछे उपनेयको मंत्रका प्रभाव सुणावे. ॥ तद्यथा ॥

सोलससु अक्करेसु, इक्किक्कं अक्करं जगुज्जोअं ॥
नवसयसहस्स महणो, जम्मि छिर्ज पंच नवकारो॥१॥
थंभेइ जलं जलणं चिंतियमत्तो इ पंच नवकारो ॥
अरिमारिचोरराउलघोरुवसग्गं पणासेइ ॥ २ ॥

एकत्र पंचगुरुमंत्रपदाक्षराणि । विश्वत्रयं पुनरनं तगुणं परत्र ॥ यो धारयेत्किल तुलानुगतं ततोऽपि । वंदे महागुरुतरं परमेष्टिमंत्रम् ॥ ३ ॥ ये केचनापि सुखमाद्यरका अनंता । सत्सर्पिणीप्रभृतयः प्रययुर्वि वर्त्ताः ॥ तेष्वप्ययं परतरः प्रथितः पुराऽपि । लब्ध्वै नमेव हि गताः शिवमत्र लोकाः ॥ ४ ॥ जग्मुर्जि नास्तदपवर्गपदं यदैव । विश्वं वराकमिदमत्र कथं विनास्मान् ॥ एतद्विलोक्य भुवनोद्धरणाय धीरैः ।

मंत्रात्मकं निजवपुर्निहितं तदाऽत्र ॥ ५ ॥ इंडुर्दिवा करतया रविरिंडुरूपः । पातालमंवरमिलासुरलोक एव ॥ किंजल्पितेन वहुना ज्ञुवनत्रयेऽपि तन्नास्ति यन्न विपमं च समं च तस्मात् ॥ ६ ॥ सिद्धांतोदधि निर्म्मंथान्नवनीतमिवोद्धृतम् ॥ परमेष्टिमहामंत्रं धार येत् हृदि सर्वदा ॥ ७ ॥ सर्वपातकहर्त्तारं सर्ववांछि तदायकम् ॥ मोक्षारोहणसोपाने मंत्रे प्राप्नोति पुण्य वान् ॥ ८ ॥ धार्योयं ज्ञवता यत्नात् न देयो यस्य कस्यचित् ॥ अज्ञानेषु श्रावितोयं शपत्येव न संशयः ॥ ए ॥ * न स्मर्त्तव्योऽपवित्रेण न जने नाऽन्यसं श्रये ॥ नाऽविनीतेन नो दीर्घशब्देनाऽपि कदाचन ॥ १० ॥ न वालानां नाऽशुचीनां नाऽधर्म्माणां नडुर्द शाम् * नप्लुतानां न ड़ुष्टानां डुर्ज्जातीनां न कुत्र चित् ॥ ११ ॥ अनेन मंत्रराजेन ज्ञूयास्त्वं विश्वपू जितः ॥ प्राणांतेऽपि परित्यागमस्य कुर्यान्न कुत्रचित् ॥ १२ गुरुत्यागे ज्ञवेद्दुःखं मंत्रत्यागे दरिद्रता ॥ गुरु मंत्रपरित्यागे सिद्धोऽपि नरकं व्रजेत् ॥ १३ ॥ इति

---

* न स्मर्त्तव्योपचित्तेन न शठेनान्यसंश्रये इति पुस्तकांतरे ॥ तथा अन्येषु श्राद्धदिनकृतश्राद्धविधिकौमुदीपंचाशकादिषु शास्त्रे ष्वेवमुक्तं यथा सा काप्यवस्था नास्ति यस्यां नमस्कारो न स्मर्त्तव्य इति ॥

* नाऽपूतानां न डुष्टानां डुर्जनानां न कुत्रचित् । इति पुस्तकांतरे ॥

ज्ञात्वा सुगृहीतं कुर्या मंत्रममुं सदा ॥ सेत्स्यंति सर्वकार्याणि तवास्मान्मंत्रतो ध्रुवम् ॥ १४ ॥

गुरुने ऐसे शिक्षा दिया हुआ उपनेय तीन प्रदक्षिणा करके "नमोस्तु २" ऐसें कहता हुआ, गुरुको नमस्कार करे. पीछे गुरुको स्वर्णका जिनोपवीत, सुवर्णमौंजी, श्वेत वस्त्र रेशमी स्वसंपदानुसारें देवे. और सर्वसंघको भी तांबूल वस्त्रादि देवे. ॥ इत्युप नयने व्रतबंधविधिः ॥

अथ व्रतादेशविधि लिख्यते हैं. ॥ तिसही अवसरमें, तिसही संघके संगममें, तिसही गीतवाजं आदि उत्सवमें, तिसही वेदचतुष्किकामें प्रतिमास्थापन संयोगमें, व्रतादेशका आरंभ करे. तिसका यह क्रम है. । गृहस्थगुरु, उपनीत पुरुषके कार्पास रेशमी अंतरीय(उत्तरीय)वस्त्र दूर करके मौंजी, जिनोपवीत कौपीन, येह वस्तुयों तिसकी देहमें तैसेंही स्थापके, तिसके ऊपर कृष्णसाराजिन (कालामृगचर्म) वा, वृक्षके वल्कलका वस्त्र पहिरावे. । हाथमें पलाशका दंडा देवे. और इस मंत्रको पढे.

" ॥ ॐ अर्हं ब्रह्मचार्यसि । ब्रह्मचारिवेषोऽसि अवधिब्रह्मचर्योसि । धृतब्रह्मचर्योसि । धृताजिनदंडोसि । बुद्धोऽसि । प्रबुद्धोऽसि । धृतसम्यक्त्वोऽसि दृढसम्यक्त्वोसि । पुमानसि । सर्वपूज्योऽसि । तदवधिब्रह्मव्रतं आगुरुनिदेशं धारयेः अर्हं ॐ ॥ "

ऐसें पढके व्याघ्रचर्ममय आसनके ऊपर, वा कल्पित काष्ठमय आसनके ऊपर उपनीतकों बिठलावे. तिसके दक्षिण हाथकी प्रदेशिनी अंगुलीमें दर्भसहित कांचनमयी पोरूश १६ मासे प्रमाण (पांच गुंजाका एक मासा जाणना) पवित्रिका मुद्रा पहरावे. । पवित्रिका परिधापनमंत्रो यथा ॥

"पवित्रं डुर्लभं लोके सुरासुरनृवल्लभम् ॥
सुवर्णं हंति पापानि, मालिन्यं च न संशयः॥ १ ॥

तदपीछे उपनीत, मुखसें पंचपरमेष्टिमंत्र पढता हुआ, गंध पुष्प अक्षत धूप दीप नैवेद्यकरके चारों दिशामें जिनप्रतिमाको पूजे । तदपीछे जिनप्रतिमाको प्रदक्षिणाकरके और गुरुको प्रदक्षणा करके 'नमोस्तु २' कहता हुआ, हाथ जोडके ऐसें कहे ॥ "भगवन् उपनीतोहं" गुरु कहे "सुष्टूपनीतो भव।" फेर उपनीत 'नमोस्तु, कहता हुआ नमस्कार करके कहे । "कृतो मे व्रतबंधः ।" गुरु कहे । "सुकृतोऽस्तु ।" फेर 'नमोस्तु' कहके नमस्कार करके शिष्य कहे । "भगवन् जातो मे व्रतबंधः ।" गुरु कहे । "सुजातोऽस्तु ।" फेर नमस्कार करके शिष्य कहे । "जातोऽहं ब्राह्मणः । क्षत्रियो वा । वैश्यो वा ।" गुरु कहे । "दृढव्रतो भव । दृढसम्यक्त्वो भव ।" फेर शिष्य नमस्कार करके कहे। "भगवन् यदि त्वया कृतो ब्राह्मणोऽहं तदादिश

कृत्यं।" गुरु कहे अर्हज्ञिरा दिशामि । " फेर नमस्कार करके शिष्य कहे । "जगवन् नवब्रह्मगुप्तिगर्न्न रत्नत्रयंममादिष्टं।" गुरु कहे। "आदिष्टं । फेर नमस्कार करके शिष्य । "जगवन् नवब्रह्मगुप्तिगर्न्न रत्नत्रयं मम समादिश।" गुरु कहे। "समादिशामि ।" फेर नमस्कार करके शिष्य जगवन् नवब्रह्मगुप्तिगर्न्नं रत्नत्रयं मम समादिष्टं।" गुरु कहे। "समादिष्टं।" फेर नमस्कार करके शिष्य कहे। "जगवन् नवब्रह्मगुप्तिगर्न्नं रत्नत्रयं ममानुजानीहि"। गुरु कहे । "अनुजानामि" फेर नमस्कार करके शिष्य कहे। "जगवन् नवब्रह्मगुप्तिगर्न्नं रत्नत्रयं ममानुज्ञातं।" गुरु कहे। "अनुज्ञातं"। फेर नमस्कार करके शिष्य कहे । "जगवन् नवब्रह्मगुप्तिगर्न्नं रत्नत्रयं मया स्वयं करणीयं।" गुरु कहे। "करणीयं।" फेर नामस्कार करके शिष्य कहे । "जगवन् नवब्रह्मगुप्तिगर्न्नं रत्नत्रयं मया अन्यैः कारयितव्यं ।" गुरुकहे "कारयितव्यं" फेरनमस्कार करके शिष्यकहे। "जगवन् नवब्रह्मगुप्तिगर्न्नं रत्नत्रयं कुर्वंतोऽन्ये मया अनुज्ञातव्याः" गुरु कहे । "अनुज्ञातव्याः" क्षत्रियकों यह विशेष है 'जगवन् अहं क्षत्रियो जातः' आदेश समादेश दोनों कहने, अनुज्ञा न कहनी. करणकारणमें 'कर्त्तव्यं' 'कारयितव्यं' ऐसें कहना, 'अनुज्ञातव्यं' ऐसे न कहना. । और वैश्यको

आदेश ही कहना, समादेश अनुज्ञा यह दोनों न कहने. । 'कर्त्तव्यं' कहना, 'कारायितव्यं' अनुज्ञातव्यं 'यह न कहने. । तदपीछे उपनीत हाथ जोम के कहे. । 'हे जगवन्! आदिश्यतां व्रतादेशः ।' तव गुरु आदेश करे अर्थात् व्रतादेश कथन करे. । तहां प्रथम ब्राह्मणप्रति व्रतादेश कहते हैं. यथा ॥

॥ मूलम् ॥

परमेष्ठिमहामंत्रो विधेयो हृदये सदा ॥
निर्ग्रंथानां मुनीन्द्राणां कार्यं नित्यमुपासनम् ॥ १ ॥
त्रिकालमर्हत्पूजा च सामायिकमपि त्रिधा ॥
शक्रस्तवैस्सप्तवेलं वंदनीया जिनोत्तमाः ॥ २ ॥
त्रिकालमेककालं वा स्नानं पूतजलैरपि ॥
मद्यं मांसं तथा क्षौद्रं तथोडुंबरपंचकम् ॥ ३ ॥
आमगोरससंपृक्तं द्विदलं पुष्पितौदनम् ॥
संधानमपि संसक्तं तथा वै निशि जोजनम् ॥ ४ ॥
शूद्रान्नं चैव नैवेद्यं नाश्नीयान्मरणेऽपि हि ॥
प्रजार्थे गृहवासेऽपि संजोगो न तु कामतः ॥ ५ ॥
आर्यवेदचतुष्कं च पठनीयं यथाविधि ॥
कर्षणं पाशुपाल्यं च सेवावृत्तिं विवर्जयेः ॥ ६ ॥
सत्यं वचः प्राणिरक्षामन्यस्त्रीधनवर्जनम् ॥
कषायविषयत्यागं विदध्याः शौचजागपि ॥ ७ ॥
प्रायः क्षत्रियवैश्यानां न जोक्तव्यं गृहे त्वया ॥
ब्राह्मणानामार्हतानां जोजनं युज्यते गृहे ॥ ८ ॥

स्वज्ञातेरपि मिथ्यात्ववासितस्य पलाशिनः ॥
न भोक्तव्यं गृहे प्रायः स्वयंपाकेन भोजनम् ॥ ए ॥
आमान्नमपि नीचानां न ग्राह्यं दानमंजसा ॥
भ्रमता नगरे प्रायः कार्यः स्पर्शो न केनचित् ॥१०॥
उपवीतं स्वर्णमुद्रां नांतरीयमपि त्यजेः ॥
कारणांतरमुत्सृज्य नोष्णीषं शिरसि व्यधाः ॥ ११ ॥
धर्मोपदेशः प्रायेण दातव्यः सर्वदेहिनाम् ॥
व्रतारोपं परित्यज्य संस्कारान् गृहमेधिनाम् ॥ १२ ॥
निर्ग्रंथगुर्वनुज्ञातः कुर्याः पंचदशापि हि ॥
शांतिकं पौष्टिकं चैव प्रतिष्ठामर्हदादिषु ॥ १३ ॥
निर्ग्रंथानुज्ञया कुर्याः प्रत्याख्यानं च कारयेः ॥
धार्यं च दृढसम्यक्त्वं मिथ्याशास्त्रं विवर्जयेः ॥१४॥
नानार्यदेशे गंतव्यं त्रिशुद्ध्याशौचमाचरेः ॥
पालनीयस्त्वया वत्स व्रतादेशो भवावधिः ॥ १५ ॥

॥ इतिब्राह्मणव्रतादेशः ॥

(भावार्थः) परमेष्ठिमहामंत्र सदा हृदयमें धारण करना, निर्ग्रंथ मुनींद्रोंकी नित्य उपासना करनी। तीन कालमें अरिहंतकी पूजा करनी, तीनवार सामायिक करनी, शक्रस्तवमें सातवार चैत्यवंदना करनी. छाने हुए शुद्ध जलसें त्रिकालमें वा, एकका लमें स्नान करना, मदिरा, मांस, मधु, माखण पांच जातिके उंबरफल, आमगोरससंयुक्त अर्थात्

कच्चे विना गरम करे गोरस दूध दही छाछके साथ द्विदल अन्न, जिसपर नीली फूली आजावे सो अन्न, जीवोत्पत्तिसंयुक्त संधान अर्थात् तीन दिन उपरां तका आचार, रात्रिजोजन, शूद्रका अन्न, देवके आगे चढा नैवेद्य इन पूर्वोक्त वस्तुयोंको मरणांतमें जी न खाना। संतानोत्पत्तिकेवास्ते गृहवासमें स्त्रीसें संजोग करना न तु कामासक्त होके। चारों आर्य जैन वेद विधिसें पढने खेती, पशुपालपणा और सेवा वृत्ति (नौकरी) येह नही करने। शुचिमान् होके सत्य वचन बोलना, प्राणिकी रक्षा करनी, अन्य स्त्री और अन्य धन येह वर्जने, कषाय विषयको त्यागने, प्रायः क्षत्रिय और वैश्योंके घरमें तेरे जोजन न करना, आर्हत् ब्राह्मणोंके घरमें जोजन करना तुझको योग्य है। अपनी ज्ञातिका जो मिथ्यात्ववासित होवे, और मांसाहारी होवे तिसके घरमें जी जोजन नही करणा। प्रायः आपही पकाके जोजन करना। कच्चे अन्नका जी दान नीचोंके हाथका न ग्रहण करणा, नगरमें भ्रमण करतां किसीका जीप्रायः स्पर्श न करना। उपवीत, स्वर्णमुद्रा और अंतरीय, इनको त्याग न करने. कारणांतरको वर्जके शिरके ऊपर उष्णीष (पगडी) धारण न करना। प्रायः सर्व मनुष्योंको धर्मोपदेश देना, व्रतारोपको वर्जके निर्ग्रंथ गुरुकी आज्ञासें पंचदश १५ संस्कार

गृहस्थांको करने तथा शांतिक, पौष्टिक, जिनप्रतिमाकी प्रतिष्टादि करावने। निर्ग्रंथकी आज्ञासें प्रत्याख्यान करना, और अन्यको करावना; सम्यक्त्वको दृढ धारण करना, मिथ्याशास्त्रकी श्रद्धा वर्जनी। अनार्य देशमें जाना नही, तीनों शुद्धियां गरके शौच आचरण करना; हे वत्स! तैनें पूर्वोक्त व्रतादेश जबतग संसारमें रहे तबतक पालना ॥ २५ ॥ इतिब्राह्मणव्रतादेशः ॥ अथक्षत्रियव्रतादेशः ॥

॥ मूलम् ॥

परमेष्टिमहामंत्रः स्मरणीयो निरंतरम् ॥
शक्रस्तवैस्त्रिकालं च वंदनीया जिनेश्वराः ॥ १ ॥
मद्यं मांसं मधु तथा संधानोडुंबरादि च ॥
निशि भोजनमेतानि वर्जयेदतियत्नतः ॥ २ ॥
दुष्टनिग्रहयुद्धादिवर्जयित्वा वधोंगिनाम् ॥
न विधेयः स्थूलमृषावादस्त्यक्तव्य एव च ॥ ३ ॥
परनारीं परधनं त्यजेदन्यविकत्थनम् ॥
युक्त्यासाधूपासनं च द्वादशव्रतपालनम् ॥ ४ ॥
विक्रमस्याविरोधेन विधेयं जिनपूजनम् ॥
धारणं चित्तयत्नेन स्वोपवीतांतरीययोः ॥ ५ ॥
लिंगिनामन्यविप्राणामन्यदेवालयेष्वपि ॥
प्रणामदानपूजादि विधेयं व्यवहारतः ॥ ६ ॥
सांसारिकं सर्वकर्म्म धर्मकर्म्मापि कारयेत् ॥
जैनविप्रैश्च निर्ग्रंथैर्दृढसम्यक्त्ववासितः ॥ ७ ॥

रणे शत्रुसमाकीर्णे धार्यो वीररसो हृदि ॥
युद्धे मृत्युजयं नैव विधेयं सर्वथापि हि ॥ ७ ॥
गोब्राह्मणार्थे देवार्थे गुरुमित्रार्थ एव च ॥
स्वदेशभंगे युद्धेत्र सोढव्यो मृत्युरप्यलम् ॥ ७ ॥
ब्राह्मणक्षत्रियोर्नैव क्रियाभेदोस्ति कश्चन ॥
विहायान्यव्रतानुज्ञाविद्यावृत्तिप्रतिग्रहान् ॥ १० ॥
दुष्टनिग्रहणं युक्तं लोभं भूमिप्रतापयोः ॥
ब्राह्मणव्यतिरिक्तं च क्षत्रियोदानमाचरेत् ॥ ११ ॥

॥ इतिक्षत्रियव्रतादेशः ॥

अथ क्षत्रियव्रतादेश कहते हैं. ॥ परमेष्ठिमहा मंत्र निरंतर स्मरण करना. शक्रस्तवोंकरके त्रिकाल जिनेश्वरको वंदन करना. । मद्य, मांस, मधु, संधान, पांच उंडुंबरादि, (आदिशब्दसें आमगोरससंयुक्त द्विदल, पुष्पितौदन,) और रात्रिभोजन, इनको यत्नसें वर्जे । दुष्टका निग्रह करना, और युद्धादि वर्जके प्राणियोंका वध न करना, स्थूलमृषावाद न बोलना, परस्त्रीका और परधनका त्याग करना; परकी निंदाका त्याग करे, युक्तिसें साधुयोंकी उपासना करे, और बारां व्रत पालन करे । अपनी शक्ति अनुसार जिनपूजन करना. चित्तयत्नसें अर्थात् उपयोगसें स्वउपवीत, और अंतरीयको धारण करना । लिंगियोंको, अन्य ब्राह्मणोंको, और अन्यदेवालयोंमें भी, प्रणाम दान पूजादि काम पडे तो, लोक

व्यवहारसें करने । संसारिक सर्व कर्म जैनब्राह्मणों और धर्म कर्म निर्ग्रंथों करके करावे. दृढसम्यक्त्वकी वासनावाला होवे । शत्रुयोंकरके समाकीर्ण रणमें हृदयके विषे वीररस धारण करना, युद्धमें मृत्युका जय सर्वथा नहीं करना । गौ ब्राह्मणके अर्थें, देवके अर्थें, गुरु और मित्रके अर्थें, स्वदेशके जंग होते, और युद्धमें, मृत्यु जी सहन करना योग्य है । ब्राह्मण और क्षत्रियकी क्रियामें कुछ जी नेद नहीं है, परं अन्यको व्रतअनुज्ञा देनी विद्यावृत्ति, दान लेनेमे नेद है. दुष्टोंका निग्रह करना योग्य है, नूमि और प्रतापका लोज करना, ब्राह्मणसें व्यतिरिक्त क्षत्रिय दान आचरण (ग्रहण) करे ॥११॥ इति क्षत्रियव्रतादेशः ॥ अथ वैश्यव्रतादेशः ॥

॥ मूलम् ॥

त्रिकालमर्हत्पूजा च सप्तवेलं जिनस्तवः ॥
परमेष्टिस्मृतिश्चैव निर्ग्रंथगुरुसेवनम् ॥ १ ॥
आवश्यकं द्विकालं च द्वादशव्रतपालनम् ॥
तपोविधिर्गृहस्थार्हो धर्मश्रवणमुत्तमम् ॥ २ ॥
परनिंदावर्जनं च सर्वत्राप्युचितक्रमः ॥
वाणिज्यपाशुपाल्याभ्यां कर्पणेनोपजीवनम् ॥ ३ ॥
सम्यक्त्वस्यापरित्यागः प्राणनाशेपि सर्वथा ॥
दानं मुनिभ्य आहारपात्राच्छादनसद्मनाम् ॥ ४ ॥

कर्म्मादानविनिर्मुक्तं वाणिज्यं सर्वमुत्तमम् ॥
उपनीतेन वैश्येन कर्त्तव्यमिति यत्नतः ॥ ५ ॥

॥ इतिवैश्यव्रतादेशः ॥

अथ वैश्यव्रतादेश कहते हैं ॥ त्रिकाल अर्हत् पूजा करनी, सातवार जिनस्तव चैत्यवंदन करना, पंचपरमेष्टिमंत्रका स्मरण करना, निर्ग्रंथ गुरुकी सेवा करनी. । दो कालमें (प्रातः कालमें और सायं कालमें) आवश्यक (प्रतिक्रमणादि) करना. बारां व्रत पालने, गृहस्थोचित तपोविधि करना, उत्तम धर्म श्रवण करना, परकी निंदा वर्जनी, सर्वत्र उचित काम करना, वाणिज्य, पशुपालन और खेती करके आजीविका करनी. । सर्वथाप्रकारे प्राणोंका नाश होवे तो जी, सम्यक्त्व नही त्यागना; मुनियोंको अहार, पात्र, वस्त्र, मकान (उपाश्रय) का दान करना. । कर्मादानसें रहित सर्व उत्तम वाणिज्य (व्यापार) करना, उपनीत वैश्यको ये पूर्वोक्त यत्नसें करणे योग्य है. ॥ इतिवैश्यव्रतादेशः ॥ अथ चातुर्वर्ण्यस्य समानो व्रतादेशः ॥

॥ मूलम् ॥

निजपूज्यगुरुप्रोक्तं देवधर्म्मादिपालनम् ॥
देवार्चनं साधुपूजा प्रणामोविप्रलिंगिषु ॥ १ ॥
धनार्जनं च न्यायेन परनिंदाविवर्जनम् ॥
अवर्णवादो न क्वापि राजादिषु विशेषतः ॥ २ ॥

स्वसत्त्वस्यापरित्यागो दानं वित्तानुसारतः ॥
आयोचितो व्ययश्चैव काले काले च मोचनम् ॥ ३ ॥
न वासोऽल्पजले देशे नदीगुरुविवर्जिते ॥
न विश्वासो नरेन्द्राणां नागरीयनियोगिनाम् ॥ ४ ॥
नारीणां च नदीनां च लोभिनां पूर्ववैरिणाम् ॥
कार्यं विना स्थावराणामहिंसा देहिनामपि ॥ ५ ॥
नासत्याहितवाक् चैव विवादो गुरुभिर्न च ॥
मातापित्रोर्गुरोश्चैव माननं परतत्त्ववत् ॥ ६ ॥
शुभशास्त्राकर्णनं च तथा नाऽभक्ष्यभक्षणम् ॥
अत्याज्यानां न च त्यागोप्यऽघात्यानामघातनम् ॥ ७ ॥
अतिथौ च तथा पात्रे दीने दानं यथाविधि ॥
दरिद्राणां तथांधानामापन्नारत्नृतामपि ॥ ८ ॥
हीनाङ्गानां विकलानां नोपहासः कदाचन ॥
समुत्पन्नक्षुत्पिपासाघृणाक्रोधादिगोपनम् ॥ ९ ॥
अरिषड्वर्गविजयः पक्षपातो गुणेषु च ॥
देशाचाराऽऽचरणं च भयं पापापवादयोः ॥ १० ॥
उद्वाहः सदृशाचारैः समजात्यन्यगोत्रजैः ॥
त्रिवर्गसाधनं नित्यमन्योन्याप्रतिबंधतः ॥ ११ ॥
परिज्ञानं स्वपरयोर्देशकालादिचिंतनम् ॥
सौजन्यं दीर्घदर्शित्वं कृतज्ञत्वं सलज्जता ॥ १२ ॥
परोपकारकरणं परपीडनवर्जनम् ॥
पराक्रमः परिभवे सर्वत्र क्षांतिरन्यदा ॥ १३ ॥
जलाशयश्मशानानां तथा दैवतसद्मनाम् ॥

निद्राहाररतादीनां संध्यासु परिवर्जनम् ॥ १४ ॥
प्रवेशोल्लंघनं चैव तटे शयनमेव च ॥
कूपस्य वर्जनं नद्यालंघनं तरणीं विना ॥ १५ ॥
गुर्वासनादिशय्यासु तालवृक्षे कुजूमिषु ॥
दुर्गोष्टिषु कुकार्येषु सदैवासनवर्जनम् ॥ १६ ॥
न लंघनं च गर्त्तादेर्नदुष्टस्वामिसेवनम् ॥
न चतुर्थीदुनग्नस्त्रीशक्रचापविलोकनम् ॥ १७ ॥
हस्त्यश्वनखिनां चापवादिनां दूरवर्जनम् ॥
दिवासंजोगकरणं वृक्षस्योपासनं निशि ॥ १८ ॥
कलहं तत्समीपं च वर्जनीयं निरंतरम् ॥
देशकालविरुद्धं च जोज्यं कृत्यं गमागमौ ॥ १९ ॥
जाषितं व्यय आयश्च कर्त्तव्यानि न कर्हिचित् ॥
चातुर्वर्ण्यस्य सर्वस्य व्रतादेशोयमुत्तमः ॥ २० ॥
॥ इतिचातुर्वर्ण्यस्यसमानोव्रतादेशः ॥

अथ चारों वर्णोंका समान व्रतादेश कहते हैं. ॥ अपने पूज्य गुरुके कहे देवधर्मादिकापालना, देव पूजा करनी, साधुकी यथायोग्य पूजा करनी, ब्राह्मण और लिंगधारीको प्रणाम करना. । न्यायसें धन उपार्जन करना. परकी निंदा वर्जनी, किसीका जी अवर्णवाद न बोलना, राजादिविषयक तो विशेषसें अवर्णवाद न बोलना. । अपने सत्वको छोडना नही, धनके अनुसार दान देना, लाजानुसार खरच करना, जोचनके कालमें जोजन करना. । थोडे जल

वाले देशमें वसना नही, नदी और धर्मगुरुवर्जित देशमें नी नही वसना. । राजा, राज्याधिकारी, स्त्री, नदी, लोनी, पूर्ववैरी, इनोंका विश्वास नही कर ना. । कार्यविना स्थावर जीवोंकी नी हिंसा नही करनी. । असत्य अहितकारि वचन नही बोलना, गुरुओं (वमों) के साथ विवाद नही करना. माता पिता और गुरु, इनका उत्कृष्ट तत्त्वकीतरें मान सत्कार करना. । शुन्न अष्टादश दूषणरहित सर्वज्ञो क्त शास्त्रका श्रवण करना; अन्नक्ष्य (नही खाने योग्य) का नक्षण नही करना; जे त्यागने योग्य नही है, उनका त्याग नही कर ना; जे मारणे योग्य नही है, तिनको मारणा नही. अतिथि, सुपात्र, और दीन, इनको यथाविधि यथा योग्य दान देना; दरिद्र, अंधे, दुःखी, इनको नी यथाशक्ति दान देना. । हीन अंगवालोंको, और विकलोंको कदापि हसना नहीं. । नूख, तृष्णा, (तृषा,) घृणा, क्रोधादि उत्पन्न हुए नी, गोपन करने. । षट् (६) अरिवर्गका विजय करना, गुणोंमें पक्षपात करना, देशाचार आचरण करना, पाप और अप वादका नय करना. । सदृश आचारवाले, समजाति, और अन्य गोत्रजोंके साथ विवाह करना; धर्म अर्थ कामको निरंतर परस्पर अप्रतिबंधसें साधन करना. । अपने और परायेका ज्ञान करना, देशका

लादिका चिंतन करना, सौजन्य धारण करना, दीर्घ दर्शी होना, लज्जालु होना. परोपकार करना, परको पीमा न करनी, अपना परिज्ञव (तिरस्कार) होवे तव पराक्रम दिखाना, अन्यथा सर्वत्र क्षांति करनी. । जलाशय, श्मसान, देवल, इनमें और तीन संध्यामें निद्रा, आहार, मैथुनादि वर्जना. । कूपमें प्रवेश, कूपका उल्लंघन, कूपकांठेपर शयन, इन सर्वको वर्जना; तथा नावाविना नदीका लंघना वर्जना. । गुरुके आसनशय्यादिके ऊपर, ताम्रवृक्षके हेठें, बुरी नूमिमें, मुर्गोष्टिमें, कुकार्यमें, बेंठना सदा ही वर्जना । खाम कूदनी नही, लोनी स्वामीकी सेवा, नही करनी; चौथका चंड, नग्न स्त्री, इंड्धनुः, इनको देखना नही. । हाथी, घोमा, नखोंवाले, जनावरों और निंदक, इनको दूरसें वर्जना. । दिनमें संज्ञोग (मैथुन) न करना, रात्रिको वृक्षका सेवन न करना. । कलह, और कलहका समीप, निरंतर वर्जना. । देशकाल विरुद्ध, नोजन, कार्य, गमन, आगमन, नाषण, व्यय (खरच) और आय (लान) ये कदापि न करने. यह पूर्वोक्त उत्तम व्रतादेश चारों वर्णोंका है. ॥ २० ॥ इति चातुर्वर्ण्यस्य समानोव्रतादेशः ॥

गृहस्थगुरु, पूर्वोक्त प्रकारसें शिष्यको व्रतादेश करके, आगे करके जिन प्रतिमाको तीन प्रदक्षिणा

करावे. फिर पूर्वाभिमुख होके शक्रस्तव पढे. । उस पीछे गृहस्थगुरु, आसन ऊपर बैठ जावे, और शिष्य 'नमोस्तु' कहता हुआ गुरुके पगोंमें पडके ऐसें कहे, "भगवन् भवद्भिर्मम व्रतादेशो दत्तः" तब गुरु कहे, "दत्तःसुगृहीतोस्तु सुरक्षितोस्तु स्वयं तर परं तारय संसारसागरात्" ऐसें कहके नमस्कार पढता हुवा ऊठके दोनों (गुरु शिष्य) चैत्यवंदन करें. उसपीछे ब्राह्मणने, विप्र क्षत्रिय वैश्यके घरमें भिक्षाटन करना; क्षत्रियने शस्त्र ग्रहण करना; और वैश्यने अन्नदान करना. ॥

इत्युपनयने व्रतादेशः ॥

अथ व्रतविसर्गःकथ्यतेः—अथ व्रतविसर्ग कहते हैं. ॥ ब्राह्मणने आठ वर्षसें लेके सोलां वर्षपर्यंत, दंड और अजिन धारण करके, भिक्षावृत्ति करके भोजन करना, यह उत्तम पक्ष है. क्षत्रियने दंड अजिन धारण करके दश वर्षसें लेके सोलां वर्ष पर्यंत आपहिं पाक करके, देवगुरुकी सेवामें तत्पर होके, भोजन करना; और वैश्यने दंड अजिन धारण करके स्वकृत भोजन करके बारां वर्षसें लेके सोलां वर्ष पर्यंत भोजन करना; यह उत्तम पक्ष है. । यदि कार्यव्यग्रतासें तितने दिन न रह सके तो, छ (६) मास पर्यंत रहना. तदभावे एक मास पर्यंत, तदभावे पक्ष पर्यंत, तदभावे तीन दिन रहना. यदि तीन दिन भी न

रह सके तो, तिसही उपनयनव्रतादेशके दिनमेंही विसर्ग करिये, सोही कहने हैं. । उपनीत, तीन २ प्रदक्षिणा करके चारों दिशायोंमें जिनप्रतिमाके आगे पूर्ववत् युगादिजिनस्तोत्र सहित शक्रस्तव पढे. तदपीछे आसनपर बैठे गुरुके आगे नमस्कार करके हाथ जोमके ऐसें कहे ॥ "भगवन् देशका लाद्यपेक्षया व्रतविसर्गमादिश" ॥ गुरु कहे ॥ "आदिशामि॥" फिर नमस्कार करके शिष्य कहे ॥ "भगवन्ममव्रतविसर्ग आदिष्टः ॥ गुरु कहे ॥ "आदिष्टः ॥" फिर नमस्कार करके शिष्य कहे ॥ "भगवन् व्रतबंधो विसृष्ट ॥" गुरु कहे ॥ "जिनो पवीतधारणेन अविसृष्टोस्तु स्वजन्मतः षोडशाब्दीं ब्रह्मचारी पाठधर्मनिरतस्तिष्ठेः ॥ उसपीछे पंचपरमे ष्ठिमंत्र पढता हुआ शिष्य, मौंजी, कौपीन, वल्कल, दंड, इनको दूर करके, गुरुके आगे स्थापन करे; और आप जिनोपवीतधारी श्वेतवस्त्र उत्तरीय होके गुरुके आगे नमस्कार करके बैठे, तब गुरु तिस वारां तिलकधारी उपनीतके आगे उपनयनका व्या ख्यान करे. ।

तद्यथा ॥ आठ वर्षके ब्राह्मणको दश वर्षके क्षत्रि यको, और बारां वर्षके वैश्यको, उपनयन करना तिसमें गर्भमास भी बीचमेंही गणने । तथाच ॥ "जिनोपवीतमिति जिनस्य उपवीतं मुद्रासूत्रमित्यर्थः"

जिनका उपवीत अर्थात् मुद्रासूत्र सो कहावे जिनोपवीत. । नवब्रह्मगुप्ति गर्भरत्नत्रय, येह पुरा, श्रीयुगादिदेवने गृहस्थीवर्णत्रयको अपनी मुद्राका धारण करना यावत् जीवतां३ कहा था. । तदपीछे तीर्थके व्यवच्छेद हुए, मिथ्यात्वको प्राप्त ब्राह्मणोंनें हिंसा प्ररूपणेसें चारों वेदको मिथ्या पथमें प्राप्त करे हुए, पर्वत और वसुराजासें प्रायः हिंसक यज्ञके प्रवृत्त हुए, 'यज्ञोपवीत' ऐसा नाम धारण करा. मिथ्या दृष्टि यथेच्छासें प्रलाप करो ! परंतु जिनमतमें तो, जिनोपवीतही नाम है, नतु यज्ञोपवीत. तिसवास्ते तेनें इस जिनोपवीतको अच्छीतरें धारण करना माससमासपीछे नवीन धारण कराना, प्रमादसें जिनो, पवीत जाता रहे, वा टुट जावे तो, तीन उपवास करके नवीन धारण करना. प्रेतक्रियामें दक्षिण स्कंधके ऊपर, और वाम कक्षाके हेठें, ऐसें विपरीत धारण करना. क्योंकि, सो विपरीत कर्म है. । मुनि जी, मृत मुनिके त्यागनेमें तथाविध विपरीतही वस्त्र पहेनते हैं, जिसवास्ते, तूं जन्मकरके शूद्र आजतक था सांप्रत संस्कारविशेषकरके ब्रह्मगुप्तिके धारणेसें ब्राह्मण, वा क्षताणेन–रक्षणकरनेसें क्षत्रिय, वा न्यायधर्ममें प्रवेश करनेसें वैश्य हुआ है; तिसवास्ते, क्रियासहित इस जिनोपवीतको अच्छीतरें ग्रहण करना अच्छीतरें रखना. तेरेको सद्धर्मवासना उपन

यनविधि क्षयरहित हो. एसें व्याख्यान करके पर मेष्ठिमंत्र पढकर दोनों गुरु शिष्य खडे होवे. पीछे चैत्यवंदन, और साधुवंदन करे. ॥ इत्युपनयने व्रत विसर्गविधिः ॥ अथ गोदानविधिर्यथा ॥

अथ गोदानविधि लिखते हैं. ॥ तदा व्रतविसर्गके अनंतर शिष्यसहित गुरु, जिनको तीन २ प्रदक्षिणा करके पूर्ववत् चारों दिशामें शक्रस्तवका पाठ करे. पीछे गृहस्थगुरु, आसनपर बैठे तब शिष्य गुरुको तीन प्रदक्षिणा करके नमस्कार करके हाथ जोमके खमा होके, गुरुको विज्ञापना करे. यथा ॥

"॥ भगवन् तारितोहं, निस्तारितोहं, उत्तमः कृतोहं, सत्तमःकृतोहं, पूतः कृतोहं, पूज्यकृतोहं, तद्भगवन्नादिश, प्रमाद बहुले गृहस्थधर्म्मे, मम किंच नापि रहस्यभूतं सुकृतं ॥"

हे भगवान्! तारा मुझको, निस्तारा मुझको, उत्तम करा मुझको, अतिशयसाधु (श्रेष्ठ) करा मुझको, पवित्रकरा मुजको, पूज्य करा मुझको, तिसवास्ते, हे भगवन्! प्रमादबहुल गृहस्थधर्ममें मेरेको कुछभी रहस्यभूत सुकृत कथन करो. ॥ तब गुरु कहे ॥

"॥ वत्स! सुष्ठ्वनुष्ठितं सुष्ठु पृष्टं ततः श्रूयताम् ॥"

हे वत्स! अच्छा करा, भला पूछा, तिसवास्ते तूं श्रवण कर. ॥

दानं हि परमो धर्म्मो दानं हि परमा क्रिया ॥
दानं हि परमो मार्गस्तस्माद्दाने मनः कुरु ॥ १ ॥
दया स्यादभयं दानमुपकारस्तथाविधः ॥
सर्वो हि धर्म्मसंघातो दानेन्तर्भावमर्हति ॥ २ ॥
ब्रह्मचारी च पाठेन भिक्षुश्चैव समाधिना ॥
वानप्रस्थस्तु कष्टेन गृही दानेन शुध्यति ॥ ३ ॥
ज्ञानिनः परमार्थज्ञा अर्हन्तो जगदीश्वराः ॥
व्रतकाले प्रयच्छन्ति दानं सांवत्सरं च ते ॥ ४ ॥
गृह्णतां प्रीणनं सम्यक् ददतां पुण्यमक्षयम् ॥
दानतुल्यस्ततो लोके मोक्षोपायोऽस्ति नाऽपरः ॥ ५ ॥

अर्थः—दानही परम उत्कृष्ट धर्म है, दानही परमा क्रिया है, दानही परम मार्ग है, तिसवास्ते दान देनेमें मन कर. । अभयदानसें दया होवे है, दानसेंही तथाविध उपकार होवे है, सर्वही धर्म समूह दानमें अंतर्भाव हो सक्ता है । ब्रह्मचारी पाठ करके, साधु समाधि करके, वानप्रस्थ कष्ट करके, और गृहस्थी दान करके शुद्ध होता है. । तीन ज्ञानके धर्त्ता परमार्थके जाणकार, ऐसें अर्हंत भगवंत जगदीश्वर भी व्रतसमयमें सांवत्सर दान देते हैं. । दान ग्रहण करनेवालेको तो, दान तृप्त करता है; और देनेवालेको अक्षय पुण्य प्राप्त करा ता है; तिसवास्ते दानके समान दूसरा कोई मोक्ष का उपाय लोकमें नही है. ॥ ५ ॥ जिसवास्ते हे

वत्स ! तैनें ब्राह्मणपणा, वा क्षत्रियपणा, वा वैश्य पणा प्राप्त करा है, अंगीकार करा है; तिसवास्ते हे वत्स ! तूं गृहस्थधर्ममें मोक्षके सोपानरूप दान देनेका प्रारंभ कर. । तब नमस्कार करके शिष्य कहे, हे भगवन् ! मुझको दानका विधी कहो. । गुरु कहे 'आदिशामि' कहता हूं । यथा ॥

गावो भूमिः सुवर्णं च रत्नान्यन्नं च नक्तकाः ॥
गजाश्वाइति दानं तदष्टधा परिकीर्त्तयेत् ॥ १ ॥
एतच्चाष्टविधं दानं विप्राणां गृहमेधिनाम् ॥
देयं न चापि यतयो गृह्णन्त्येतच्चनिःस्पृहाः ॥ २ ॥
यतिभ्यो भोजनं वस्त्रं पात्रमौषधपुस्तके ॥
दातव्यं द्रव्यदानेन तौ द्वौ नरकगामिनौ ॥ ३ ॥

अर्थः--गौ १, भूमि २, सुवर्ण ३, रत्न ४, अन्न ५, नक्तक वस्त्रविशेष ६, हाथी ७, और घोमा ८, येह आठ प्रकारका दान कहाहै । यह पूर्वोक्त आठ प्रकारका दान, गृहस्थी ब्राह्मणगुरुयोंको देना. और निःस्पृह यति साधु मुनिराज, इस दानको नही लेते हैं । साधवोको तो, भोजन, वस्त्र, पात्र, औषध पुस्तक, इनका दान देना. साधुकों द्रव्य (धन) का दान देनेसें, देनेलेनेवाले दोनोंही नरकगामी होते हैं. ॥ ३ ॥ तिसवास्ते प्रथम गोदान ग्रहण करना. उपनीत, वछडेसहित कपिला, वा पाटला, वा श्वेत रंगकी, स्नापित, चर्चित, भूपित, धेनुको, आगे दया

यके पूंछसे पकडके, रूप्यमय खुरा है जिसके, स्वर्ण मय श्रृंग है जिसके, ताम्रमय पृष्ठ है जिसकी, कांस्य मय दोहपात्र है जिसका, ऐसी धेनु, गृहस्थगुरुके तांइ देवे। गुरु तिस गौकी पूंछको हाथमें धारण करकें, यह वेदमंत्र पढे। यथा॥

"॥ ॐ अर्हं गौरियं धेनुरियं प्रशस्यपशुरियं सर्वोत्तमक्षीरदधि घृतेयं पवित्रगोमयमूत्रेयं सुधास्रा विणीयं रसोद्भाविनीयं पूज्येयं हृद्येयं अभिवाद्येयं तद्दत्तेयं त्वया धेनुः कृतपुण्यो भव प्राप्त पुण्यो भव अक्षयं दानमस्तु अर्हं ॐ॥"

यह कहकर गृहीगुरु धेनुको ग्रहण करे. शिष्य तिस गौकेसाथ द्रोणप्रमाण सात धान्य, तुलामात्र षट् (६) रस और पुरुषप्रतिमात्र षट् (६) विकृती (विगय) देवे॥ इतिगोदानम्॥ अन्य सर्व भूमिर रत्नादिदानोंविषे यह मंत्र पढना.। यथा॥

"॥ ॐ अर्हं एकमस्ति दशमकमस्ति शतमस्ति सहस्रमस्ति अयुतमस्ति लक्षमस्ति प्रयुतमस्ति कोट्यस्ति कोटिदशकमस्ति कोटिशतकमस्ति कोटिसहस्रमस्ति कोट्ययुतमस्ति कोटिलक्षमस्ति कोटिप्रयुतमस्ति कोटाकोटिरस्ति संख्येयमस्ति असंख्येयमस्ति अनंतानंतमस्ति दान फलमस्ति तदक्षयं दानमस्तु ते अर्हं ॐ॥" इति परेषां दानानां मंत्रपाठः॥

यहां उपनयनमें गोदानकाही निश्चय है, शेष दान क्रमकरके अन्यदा भी देना. गोदानादि दान गृहस्थगुरु ब्राह्मणोंकोही देना. निःस्पृह यतियोंको न देना. तथा तिन यतियोंको, अन्न, पान, वस्त्र, पात्र, भेषज, वसति, पुस्तकादि दानमें 'धर्मलाभः' यही मंत्र जाणना. । अथ गृहस्थगुरु, उपनीतसें गोदान लेके, पर्णानुज्ञा देके, चैत्यवंदन; और साधु वंदन करायके, तैसेंही संघके मिले हुए, मंगलगीत वाजंत्रोंके वाजते हुए, शिष्यको साधुयोंकी वसतिमें (उपाश्रयमें) ले जावे. तहां मंडलीपूजा, वासक्षेप, साधुवंदनादि सर्व पूर्ववत् करना. । पीछे चतुर्विध संघकी पूजा, और मुनियोंको वस्त्र, अन्न, पात्रादि दान करे. ॥ इति गोदानविधिः ॥

संपूर्णोयं चतुर्विधउपनयनविधिः ॥

अथ शूद्रको उत्तरीयक देनेकी विधि लिखते हैं. ॥ सात दिन तैलनिषेकस्नान पूर्ववत् जाणना. । तदनंतर यथाविधि पौष्टिक, सर्व शिरका मुंडन, वेदिकरण, चतुष्किकाकरण, जिनप्रतिमास्थापन, पूर्ववत्. । पीछे गृहस्थगुरु, जिनेश्वरकी अष्टप्रकारी पूजा करे. चारों दिशायोंमें शक्रस्तव पाठ करे. पीछे गुरु आसनऊपर बैठ जावे. तब शिष्य श्वेत वस्त्र पहिरके, उत्तरासंगकरके समवसरण और गुरुको, प्रदक्षिणा करके, 'नमोस्तु २' कहता हुआ, गुरुको

नमस्कार करके हाथ जोमके, खमा होयके कहे. "॥ जगवन् प्राप्तमनुष्यजन्मार्यदेशार्यकुलस्य मम बोधिरूपां जिनाज्ञां देहि ॥" गुरु कहे "॥ ददामि ॥" शिष्य फिर नमस्कार करके कहे "॥ न योग्योहमुपनयनस्य तज्जिनाज्ञां देहि ॥" गुरु कहे ददामि ॥" पीछे द्वादश (१२) गर्जतंतुरूप, जिनोपवीतप्रमाण दीर्घ (लंबा) कार्पासका, वा रेशमका, उत्तरीयक, परमेष्ठिमंत्र पढता हुआ, जिनोपवीतवत् पहिरावे. पीछे गुरु, पूर्वाजिमुख शिष्यको चैत्यवंदन करावे. । पीछे शिष्य 'नमोस्तु २" कहता हुआ, सुखसें बैठे गुरुके पगोंमें पमके, फिर खडा होके, हाथ जोमके, ऐसें कहे. "॥ जगवन् उत्तरीयकन्यासेन जिनाज्ञामारोपितोहं ॥" गुरु कहे "सम्यगारोपितोसि तर जवसागरम् ॥" पीछे गुरु सन्मुख बैठे शूद्रके आगे व्रतानुज्ञा देवे. ॥ यथा ॥

सम्यक्त्वेनाधिष्ठितानि व्रतानि द्वादशैव हि ॥
धार्याणि जवता नैव कार्यः कुलमदस्त्वया ॥ १ ॥
जैनर्षीणां तथा जैनब्राह्मणानामुपासनम् ॥
विधेयं चैव गीतार्थाचीर्णं कार्यं तपस्त्वया ॥ २ ॥
न निंद्यः कोपि पापात्मा न कार्यं स्वप्रशंसनम् ॥
ब्राह्मणेज्यस्त्वया मानं दातव्यं हितमिछता ॥ ३ ॥
शेषं चतुर्वर्णशिक्षाश्लोकव्याख्यानमाचरेत् ॥
उत्तरीयपरिभ्रंशे जंगे वाप्युपवीतवत् ॥ ४ ॥

कार्यं व्रतं प्रेतकर्मकरणं वृषल त्वया ॥
युक्तिरेषोत्तरासंगानुज्ञायां च विधीयते ॥ ५ ॥
क्षात्राणामथ वैश्यानां देशकालादियोगतः ॥
त्यक्तोपवीतानां कार्यमुत्तरासंगयोजनम् ॥ ६ ॥
धर्मकार्ये गुरोर्दृष्टौ देवगुर्वालयेऽपि च ॥
धार्यस्तथोत्तरासंगः सूत्रवत् प्रेतकर्मणि ॥ ७ ॥
अन्येषामपि कारूणां गुर्वानुज्ञां विनापि हि ॥
गुरुधर्मादिकार्येषु उत्तरासंग इष्यते ॥ ८ ॥

अर्थः—सम्यक्त्वके संयुक्त द्वादश व्रत तैंने धारण करने, और कुलका मद न करना. । जैन ब्राह्मणोंकी उपासना करनी; तथा गीतार्थाचीर्ण तप करना. । किसी पापात्माको निंदना नही, अपनी प्रशंसा नकरनी, हित इच्छके ब्राह्मणको मान देना. । शेष चतुर्वर्णशिक्षाश्लोकमें कहे आचारको आचरण करना; (उत्तरीयके परिभ्रंशमें, वा भंगमें उपवीतवत् जाणना. । व्रत करना, प्रेतकर्म करना,) हे वृषलशूद्र ! उत्तरासंगकी अनुज्ञामें तैंने यह युक्ति करनी. । देशकालादियोगसें त्याग किया है उपवीत जिनोंनें, वैसे क्षत्रिय और वैश्योंको, उत्तरासंग योजन करना. । धर्मकार्यमें, गुरुकी दृष्टिमें, देव और गुरुके मकानमें, तथा प्रेतकर्ममें, सूत्रकी तरें उत्तरासंग धारण करना. । और भी कारुओंको गुरुकी आज्ञाके विना भी गुरुधर्मादिकार्योंमें उत्त

रासंग इच्छते हैं. । ऐसा व्याख्यान करके गुरु शिष्य को चैत्यवंदन करावे. । परमेष्टिमंत्रका उच्चार और मंत्रव्याख्यान पूर्ववत्. । इतना विशेष है. शूद्रादिकोंको 'नमो' के स्थानमें 'णमो' उच्चारण कराना. इतिगुरुसंप्रदायः । पीछे शिष्यसहित गुरु, उत्सव करते हुए धर्मागारमें जावे. तहां मंडलीपूजा. गुरु नमस्कार, वासक्षेपादि पूर्ववत्. । पीछे मुनियोंको अन्न, वस्त्र, पात्र दान देवे. और चतुर्विध संघकी पूजा करे. ॥ इति उपनयने शूद्रादीनां उत्तरीयक न्यासोत्तरासंगानुज्ञोविधिः ॥

अथ वटूकरणविधिः—अथ वटूकरणविधि लिखते हैं. ॥ जिसवास्ते सम्यक् उपनीत, वेदविद्यासंयुक्त, कुप्रतिग्रहवर्जित, अशूद्रान्नभोजन करनेवाले, माहनोंके आचारमें रक्त, सर्व गृहस्थोंकेसंस्कारप्रतिष्ठादिकमोंके करानेवाले, ऐसें ब्राह्मण, पूज्य होते हैं.। परंक्षत्रियादि राजायोंको, सेवा, अन्नपाक, तिसकी आज्ञा करनी, अभ्युत्थान, चाटुः—मनोहर वचन, प्रशंसा, विना नमस्कारके आशीर्वाद देना, विज्ञानकर्म, कृषि वाणिज्यकरण, तुरंगवृषभादि शिक्षाकरण, इत्यादि कर्म करनेवाले ब्राह्मणयोग्य नहींहे. इसवास्ते एसे ब्राह्मणो वा हरकोइ को शुद्ध ब्राह्मण बनानेके लिए "वटू करण" विधि करनाचहिये. सो बतातेंहे. उक्तं च यतः ॥

च्युतव्रतानां व्रात्यानां तथा नैवेद्यभोजिनाम् ॥
कुकर्म्मणामवेदानामजपानां च शस्त्रिणाम् ॥ १ ॥
ग्राम्याणां कुलहीनानां विप्राणां नीचकर्म्मणाम् ॥
प्रेतान्नभोजिनां चैव मागधानां च वंदिनाम् ॥ २ ॥
घांटिकानां सेवकानां गंधतांबूलजीविनाम् ॥
नटानां विप्रवेषाणां पर्शुरामान्वयायिनाम् ॥ ३ ॥
अन्यजात्युद्भवानां च वंदिवेषोपजीविनाम् ॥
इत्यादिविप्ररूपाणां वटूकरणमिष्यते ॥ ४ ॥

अर्थः–व्रतसें भ्रष्ट हुए, संस्कारहीन, नैवेद्यका भोजन करनेवाले, कुकर्मके करनेवाले, जैन वेदको नही जाणनेवाले, वेद मंत्रोंका जप न करनेवाले, शस्त्रको धारण करनेवाले, कुग्रामके वसनेवाले, कुलहीन, नीच कर्मके करनेवाले, प्रेतके अन्नका भोजन करनेवाले, मागध–स्तुतिपाठ पठनेवाले वंदीराजादिकी स्तुति पढनेवाले, घंटिका वजानेवाले, सेवा करनेवाले, गंधतांबूलकरके आजीविका करनेवाले, विप्रवेष धारण करनेवाले नट, पर्शुरामके संतानीय, अन्य जातिसें उत्पन्न हुए, वंदिवेषसें आजीविका करनेवाले, इत्यादि विप्ररूपको वटूकरण इच्छते हैं । तिसका यह विधि है. प्रथम तिसके घरमें गृहस्थगुरु, यथोक्त विधिसें पौष्टिक करे. पीछे तिसको शिखा वर्जके मुंडन करावे, पीछे तिसको तीर्थोदक

मंत्रोंकरके मंत्रित जलकरके स्नान करावे. । तिर्थो दकाभिमंत्रणमंत्रोयथा ॥

" ॥ ॐ वं वरुणोसि वारुणमसि गांगमसि यामुनमसि गौदावरमसि नार्म्मदमसि पौष्करमसि सारस्वतमसि शातद्रवमसि वैपाशमसि सैंधवमसि चांद्रभागमसिवैतस्तमसि ऐरावतमसि कावेरमसि कारतोयमसि गौमतमसि शैतमसि शैतोदमसि रोहितमसि रोहितांशमसि सारेयवमसि हारिकांतमसि हारिसलिलमसि नारिकांतमसि नारकांतमसि रौप्यकूलमसि सौवर्णकूलमसि सालिलमसि रक्तवतमसि नैमग्नसलिलमसि उन्मग्नसलिलमसि पाद्ममसि महापाद्ममसि तैगिछमसि कैशरमसि जीवनमसि पवित्रमसि पावनमसि तदमुं पवित्रय कुलाचाररहितमपि देहिनं॥

इस मंत्रसें कुशाग्रकरी सात वार अभिसिंचन करे. पीछे नदीकांठे वा तीर्थऊपर, वा मंदिरमें, वा पवित्र गृहस्थानमें तिस वटूकरण योग्यको, प्रथम तीनगुणी कुशमेखला, तीन प्रकारसें बांधे. । मेखला बंधमंत्रो यथा ॥

" ॥ ॐ पवित्रोसि प्राचीनोसि नवीनोसि सुगमोसि अजोसि शुद्धजन्मासि तदमुं देहिनं धृतव्रतमव्रतं वा पावय पुनीहि अब्राह्मणमपि ब्राह्मणं कुरु ॥ "

इस मंत्रका तीन वार पाठ करे. ॥ पीछे कौपीन पहिरावे. । कौपीनमंत्रो यथा ॥

ॐ अब्रह्मचर्यगुप्तोपि ब्रह्मचर्यधरोपि वा ॥
व्रतः कौपीनबंधेन ब्रह्मचारी निगद्यते ॥ १ ॥

ऐसें तीन वार पढके कौपीन पहिरावणा. । पीछे पूर्वोक्त ब्राह्मणसमान उपवीत, मंत्रपूर्वक पहिरावे. । मंत्रो यथा ॥

" ॥ ॐ सधर्म्मोसि अधर्मोसि कुलीनोसि अकुलीनोसि सब्रह्मचर्योसि सुमनाअसि दुर्म्मनाअसि श्रद्धालुरसि अश्रद्धालुरसि आस्तिकोसि नास्तिकोसि आर्हतोसि सौगतोसि नैयायिकोसि वैशेषिकोसि सांख्योसि चार्वाकोसि सलिंगोसि अलिंगोसि तत्त्वज्ञोसि अतत्त्वज्ञोसि तद्भव ब्राह्मणोऽमुनोपवीतेन भवंतु ते सर्वार्थसिद्धयः ॥ "

इस मंत्रको नव वार पढके उपवीत स्थापन करे. । पीछे तिसके हाथमें पलाशका दंड देवे, और मृगचर्म तिसको पहिरावे, और भिक्षा मांगनी करावे. भिक्षामार्गणकेपीछे उपवीतको वर्जके, मेखला, कौपीन, चर्मदंडादि दूर करे. । दूरकरनेकामंत्र यथा ॥

" ॥ ॐ ध्रुवोसि स्थिरोसि तदेकमुपवीतं धारय ॥ "

ऐसें तीन वार पढे. । पीछे गुरु, धारण किया है श्वेतवस्त्रका उत्तरासंग जिसने, ऐसे ब्राह्मणको, आगे बिठलाके, शिक्षा देवे. । यथा ॥

परनिंदां परद्रोहं परस्त्रीधनवांछनम् ॥
मांसाशनं म्लेछकंदभक्षणं चैव वर्जयेत् ॥ १ ॥

वाणिज्ये स्वामिसेवायां कपटं मा कृथाः क्वचित् ॥
ब्रह्मस्त्रीभ्रूणगोरक्षां देवर्षिगुरुसेवनम् ॥ २ ॥
अतिथीनां पूजनं च कुर्याद्दानं-यथा धनम् ॥
अथात्मघातं मा कुर्या मा वृथा परतापनम् ॥ ३ ॥
उपवीतमिदं स्थाप्यमाजन्म विधिवत्त्वया ॥
शेषः शिक्षाक्रमः कथ्यश्चातुर्वर्ण्यस्य पूर्ववत् ॥ ४ ॥

अर्थः—परनिंदा, परद्रोह, परधनकी वांछा, मांस भक्षण, म्लेच्छकंद लशुनादिभक्षण, इनको वर्जना.। वाणिज्यमें स्वामीकी सेवामें, कदापि कपट न करना; ब्राह्मण, स्त्री, गर्भ और गौ, इन चारोंकी रक्षा करनी देव ऋषि और गुरुकी सेवा करनी. । अतिथीयोंका पूजन करना, धनके अनुसार दान देना, आत्मघात नहीं करना, परको पीड़ा न करनी. । जन्मपर्यंत यावज्जीवे तबतक विधिपूर्वक उपवीत धारण करना, शेष शिक्षाक्रम पूर्ववत् चारों वर्णोंका कथन करना. ॥ पीछे सो वटुकृत, गुरुको स्वर्ण, वस्त्र, धेनु, अन्न, दान करे. । यहां वटुकरणमें वेदी, चतुष्किका, समवसरण, चैत्यवंदन, व्रतानुज्ञा, व्रतविसर्ग, गोदान, वासक्षेपादि नहीं है. ॥ इति वटुकरणविधिः॥
इति द्वादशमोपनयनादिसंस्कारवर्णं समाप्तम् ॥

॥ अथ अध्ययनारंभ संस्कार लिख्यते ॥

अश्विनी, मूल, पूर्वा ३, मृगशीर्ष, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, अश्लेषा, हस्त, शतभिषा, स्वाति, चित्रा, श्रवण, धनिष्ठा, येह नक्षत्र और बुध, गुरु, शुक्र, येह वार विद्यारंभमें शुभ है. अर्थात् इनोंमें प्रारंभ करी विद्या प्राप्त होती है. रवि और चंद्र, मध्यम हैं. मंगल और शनिवार, त्यागने योग्य है. । अमावास्या, अष्टमी, प्रतिपत् (एकम,) चतुर्दशी, रिक्ता, षष्ठी, नवमी, येह तिथियें विद्यारंभमें सदाही वर्जनी. ।

अथ उपनयनसदृश दिन और लग्नमें विद्यारंभ संस्कारका आरंभ करिये, तिसका यह विधि है. । गृहस्थगुरु प्रथम विधिसें उपनीत पुरुषके घरमें पौष्टिक करे; पीछे गुरु, मंदिरमें, वा उपाश्रयमें, वा कदंबवृक्षकेतले, कुशाके आसनउपर आप बैठके, शिष्यको वामेपासे कुशासनोपरि बिठलाके तिसके दक्षिण कानको पूजके तीनवार सारस्वत मंत्र पढे. पीछे गुरु, अपने घरमें, वा पाठ शालामें वा पौषधागारमें, शिष्यको पालखी, वा घोडेपर चढायके मंगलगीतोंके गाते हुए, दान देते हुए, वाजंत्र वाजते हुए, यति गुरु केपास लेजाके मंडलीपूजापूर्वक वास क्षेप करवाके, पाठशालामें लेजावे. पीछे गुरु शिष्यको आगे येह शिक्षाश्लोक पढे. । यथा ॥

अज्ञानतिमिरांधानां, ज्ञानांजनशलाकया ॥
नेत्रमुन्मीलितं येन, तस्मै श्रीगुरवे नमः ॥ १ ॥
यासां प्रसादादधिगम्य सम्यक्, शास्त्राणि विंदन्ति परं पदज्ञाः ॥ मनीपितार्थप्रतिपादकाभ्यो नमोस्तु ताभ्यो गुरुपा डुकाभ्यः ॥ २ ॥
सत्येतस्मिन्नरतिरतिदं गृह्यते वस्तु दूरा, दप्यासन्नेप्य सति तु मनस्याप्यते नैव किंचित् ॥ पुंसामित्यप्यवग तवतामुन्मनीभावहेता, विच्छा बाढं भवति न कथं सद्गुरूपासनायाम् ॥ ३ ॥
इति मत्वा त्वया वत्स ! विशुद्धोपासनं गुरोः ॥
विधेयं येन जायंते गोधीकीर्तिधृतिश्रियः ॥ ४ ॥

ऐसें शिष्यको शिक्षा देके, और तिससें स्वर्ण वस्त्र दक्षिणा लेके, गुरु अपने घरको जावे. पीछे उपाध्याय, सर्वको पहिले मातृका पढावे; पीछे विप्रको प्रथम आर्यवेद पढावे, पीछे षडंगी, पीछे न्याय व्याकर्ण धर्मशास्त्र पढावे; क्षत्रियको भी ऐसेंही चतुर्दश विद्या पढावे. पीछे आयुर्वेद, धनुर्वेद, दंड नीति और आजीविकाशास्त्र पढावे. वैश्यको धर्म शास्त्र, नीतिशास्त्र, कामशास्त्र और अर्थशास्त्र पढावे. शूद्रको नीतिशास्त्र और आजीविकाशास्त्र पढा वे, कारुयोंको तिनके उचित विज्ञानशास्त्र पढावे. पीछे सा धुयोंको चतुर्विध आहार वस्त्र पात्र पुस्तक दान देवे.।

इति त्रयोदशमविद्यारंभसंस्कारवर्णनं समाप्तं ॥

अथ विवाह संस्कार विधिलिख्यते ॥

विवाह जो है सो समानकुलशीलवालोंकाही होता है. यतउक्तं ॥

ययोरेव समं शीलं, ययोरेव समं कुलम् ॥
तयोर्मैत्री विवाहश्च, न तु पुष्टविपुष्टयोः ॥ १ ॥

तिसवास्ते समकुलशील, समजाति, जाने है देशकृत्य जिनोंके, तिनका विवाहसंबंध जोडना योग्य है; तिसवास्ते जो अविकृत है, तिसनें विकृतकुलकी कन्या ग्रहण नही करनी । विकृतकुलं यथा । जिनकेकुलमें शरीरऊपर रोम वहुत होवे, अर्शरोग होवे, दाद होवे, चित्रकुष्टि होवे, नेत्ररोग होवे, उदररोग होवे, ऐसे वंशोंकी कन्या न ग्रहण करनी. विकृत कुल होनेसें. । कन्या विकृता यथा । वरसें लंवी होवे, हीन अंगवाली होवे, कपिला होवे, ऊंची दृष्टिवाली होवे, जिसका नाषण और नाम नयानक होवे, ऐसी कन्या विचक्षणोंको त्यागने योग्य है. तथा देवता, ऋषि, ग्रह, तारा, अग्नी. नदी, वृक्षादिकके नामसें जो कन्या होवे, तथा जिसके शरीरऊपर वहुत रोम होवे, पिंगाक्षी और घरघरास्वरवाली, ऐसी कन्या नी पाणिग्रहणमें वर्जनी. ॥ कन्यादाने वरस्य विकृतं कुलं यथा ॥ हीन होवे, क्रूर होवे, वधूसहित होवे, दरिद्री होवे,

व्यसन (कष्ट) संयुक्त होवे, कन्यादानमें ऐसें कुल और पुरुषको वर्जना. मूर्ख, निर्धन, दूर देशमें रहनेवाला, शूर, योद्धा, मोक्षाभिलाषी, कन्यासें तीन गुणासे अधिक उमरवाला, इनको भी कन्या न देनी. तिसवास्ते दोनों अविकृत कुलोंका, और दोनों विकृत कुलवालोंका विवाहसंबंध योग्य है. तथा पांच शुद्धियें देखके वधूवरका संयोग करना, सोही दिखावे हैं. राशि १, योनि २, गण ३, नाडी ४, और वर्ग ५, येह पांच शुद्धियें दोनोंकी देखके वरवधूका संयोग करना. । कुल १, शील २, स्वामिपणा ३, विद्या ४, धन ५, शरीर ६, और वय ७, येह सातो गुण वरमें देखने, अर्थात् येह सात गुण वरमेंदेखके कन्या देनी. आगे जो होवे, सो कन्याका भाग्य है. गर्भसें आठ वर्षसें लेके इग्यारह वर्ष तांइ कन्याका विवाह करना * तिसके उपरांत रजस्वला होती है. तिसको राका भी कहते हैं. तिसका विवाह शीघ्र होना चाहिये. वरको पाकरके

* यह कथन प्रायः लौकिकव्यवहारानुसार है. क्योंकि, जैनागममें तो "जोवणगमणमणुपत्ता" इतिवचनात्, जब वरकन्या योवनको प्राप्त होवे, तब विवाह करना. और 'प्रवचनसारोद्धार' में लिखा है कि, सोलां वर्षकी स्त्री, और पचीस वर्षका पुरुष, तिनके संयोगसें जो संतान उत्पन्न होवे, सो बलिष्ठ होवे हैं. इत्यादि मूलागमसें तो बाललग्नका और वृध्धके विवाहका निषेध सिद्ध होता है. ॥

चंद्रबलके हुए, तुच्छ महोत्सवके भी हुए, विवाह करना उचित है. यतउक्तम् ॥

वर्षमासदिनादिनां शुद्धिं राकाकरग्रहे ॥
नालोकयेच्चंद्रबलं वरं प्राप्य विधापयेत् ॥ १ ॥

पुरुषका आठ वर्षसें लेके ८० वर्षके बीच २ विवाह होना चाहिये. क्योंकि, अस्सीवर्ष उपरांत प्रायः पुरुष शुक्ररहित होता है. ।

विवाह दो प्रकारके होते हैं, आर्यविवाह १, और पापविवाह २. । आर्य विवाहके चार भेद हैं. ब्राह्मविवाह १, प्राजापत्यविवाह २, आर्षविवाह ३, और दैवतविवाह ४. ये चारों विवाह मातापिताकी आज्ञासें होनेसें लौकिक व्यवहारमें धार्म्मिक विवाह गिने जाते हैं. पापविवाहके भी चार भेद हैं. गांधर्वविवाह १, आसुरविवाह २, राक्षसविवाह ३, और पैशाचविवाह ४. ये चारों स्वेच्छानु सार करनेसें पापविवाह गिने जाते हैं. ।

प्रथम ब्राह्माविवाहविधि लिखते हैं. । शुभ दिनमें, शुभ लग्नमें, पूर्वोक्त गुणसंयुक्त वरको बुलवाके स्नान अलंकार करके संयुक्त हुए तिस वरकों अलंकृत कन्या देवे. ॥ मंत्रो यथा ॥

“ॐ अर्हं सर्वगुणाय सर्वविद्याय सर्वसुखाय सर्वपूजिताय सर्वशोभनाय तुभ्यं वस्त्रगंधमाल्यालं

कारालंकृतां कन्यां ददामि प्रतिगृह्णाष्व नद्रं नवतु ते अर्हं ॐ ॥"

इस मंत्रकरके वस्त्रांचलदंपती-स्त्रीनर्ता, अपने घरमें जावे. ॥ इति धार्म्यो ब्राह्यविवाहः ॥ १ ॥

प्राजापत्य विवाह जगत्में प्रसिद्ध है, इसवास्ते विस्तारसें कहेगें. ॥

आर्ष विवाहमें वनमें रहनेवाले मुनि, ऋषि, गृहस्थ अपनी पुत्रीको, अन्यऋषिके पुत्रकों, गौ बैलके साथ देते हैं. तहां अन्य कोइ उत्सवादि नही होते हैं, इस विवाहका मंत्र जैनवेदोंमें नहीं है जैनी मंत्र जैन वेदकरके वर्णादि आश्रित हुए जैनोंके आचार कथन करनेवाले हे और ऐसें विवाह अकृत्य होनेसें जैनोकों कथन करनेकी जरुर नही हे. दैवत। विवाहमें नी ऐसेंही जाणना.। इन दोनों विवाहोके मंत्र पर समयसें जाणने. ॥ इति धार्म्यं आर्षविवाहः ॥ ३ ॥

दैवत विवाहमें तो, पिता, अपने पुरोहितकों इष्ट पूर्त्त कर्मके अंतमें अपनी कन्याको दक्षिणाकी तरें देवे. यह कार्य नी जैनोंकों सम्मत नही होनेसें इस्के मंत्रनी कथन करतें नही हें ॥ इति दैवत धार्म्य विवाहः ॥ ४ ॥ ये चार धार्म्यविवाह हैं. ॥

पितादिकोंकी सम्मती विना, अन्योन्यप्रीतिकरके जो विवाह होता है, सो गांधर्वविवाह. ॥१॥

पणबंध, सो आसूरविवाह. ॥ २ ॥ हठसें कन्या ग्रहण करे सो राक्षस विवाह ॥ ३ ॥

सुप्त, और प्रमत्तकन्याको ग्रहण करनेसें, पैशाच विवाह कहा जाता है. ॥ ४ ॥ माता, पिता, गुरु, आदिकी आज्ञा न होनेसें इन चारों विवाहोंको विवाहज्ञ पुरुष पापविवाह कहते हैं. ॥ तथा ब्राह्म १ आर्ष २, और दैवत ३, येह तीन विवाह दुःखमका लकलियुगमें प्रवर्त्तते नही हैं. । चारों पापविवा होका वेदोक्तविधि भी नही है. अधर्म होनेसें. ॥

संप्रति वर्त्तमान प्राजापत्य विवाहका विधि कह ते है ॥ मूल, अनुराधा, रोहिणी, मघा, मृगशिर, हस्त, रेवती, उत्तरा ३, स्वाति, इन नक्षत्रोंमें लग्न करना. । वेध, एकार्गल, लत्ता, पात, उपग्रहसंयुक्त नक्षत्रोंमें विवाह नही करना. । तथा युति, क्रांति, साम्य, दोषमें भी नही करना. । तीन दिनको स्पर्श नेवाली तिथिमें, (अवम् क्षय तिथिमें,) क्रूर तिथि में, दग्ध तिथिमें,) रिक्ता तिथिमें, अमावास्या, अष्टमी, षष्ठी, द्वादशी इनमें विवाह नही करना. । भद्रामें, संक्रांतमें, दुष्टनक्षत्र तिथि वार योगों, व्यतिपातमें, वैधृतिमें और निंद्यसमयमें विवाह नही करना सूर्यके क्षेत्रमे बृहस्पति होवे और बृहस्पतिके क्षेत्रमें सूर्य होवे तो, दीक्षा, प्रति ष्ठा, विवाह प्रमुख वर्जने. । चौमासेमें, अधिकमा

समें, गुरु शुक्रके अस्त हुए, मलमासमें, और जन्म मासमें, विवाहादि न करना. । मासांतमें, संक्रांति में, संक्रांतिके दूसरे दिनमें, ग्रहणादि सात दिनोंमें जी, पूर्वोक्त कार्य नही करना. । जन्मके तिथि वार, नक्षत्र, लग्नमें; राशि और जन्मके ईश्वरके अस्त हुए, और क्रूर ग्रहोकरके हत हुए जी, विवाह नही करणा. । जन्मराशिमें, जन्मराशि और जन्मलग्नसें वारमें और आठमेमें, और लग्नके अंशके अधिपके ठठे, और आठमे घरमें गए हुए, लग्न नही करना. । स्थिर लग्नमें, वा द्विस्वजावलग्नमें, वा सद्गुण करी संयुक्त चर लग्नमें, उदयास्तके विशुद्ध हुए, विवाह करना. परंतु उत्पातादिकरके विदूषितमें नही करना. । लग्न और सप्तम घर, ग्रहकरके वर्जित होवे; तीसरे, ठठे, और इग्यारमे घरमें, रवि, मंगल और शनि होवे. । ठठे और तीसरे घरमें, तथा पापग्रहवर्जित पांचमें घरमें राहु होवे; लग्नमें तथा पांचमें, चौथे, दशमे, और नवमे घरमें बृहस्पति होवे. । ऐसेंही शुक्र, बुध, होवे; लग्न, ठठे, आठमे, वारमे घरसें, अन्यत्र चंद्रमा होवे, सो जी पूर्ण होवे. । क्रूरकरके दृष्ट, और क्रूरसंयुक्त चंद्र वर्जना; क्रूर, और अंतस्थ लग्न और चंद्र वर्जने. । इत्यादि गुणसंयुक्त, दोष विवर्जित लग्नमें, शुज अंशमें शुज ग्रहोंकर दृष्ट हुए, पाणिग्रहण शुज है. ॥ इत्यादि

श्रीभद्रबाहु, वराह, गर्ग, लल्ल, पृथुयशः, श्रीपति, विरचितविवाहशास्त्रके अवलोकनसें शुभ लग्न देख के विवाहका आरंभ करना. ॥

श्लोकः ॥

ततश्च कुलदेशादि गुरुवाक्यविशेषतः ॥
अनुज्ञातं विवाहादि गर्ग्गादिमुनिभिः पुरा ॥१॥

वृत्तम् ॥

सूर्यः षट्र त्रिदशस्थितस्त्रिदशषट्सप्ताद्यगश्चंद्रमा
जीवः सप्तनवद्विपंचमगतो वक्रार्कजौ षट्त्रिगौ ॥
सौम्यः षट्द्विचतुर्दशाष्टमगतः सर्वेप्युपांते शुभाः
शुक्रः सप्तमषट्रदशाष्टरहितः शार्दूलवत्रासकृत् ॥ २ ॥

स्त्रीयोंको बृहस्पति बलवान् होवे, पुरुषोंको सूर्य बलवान् होवे, और दंपतीको चंद्र बलवान् होवे तो, लग्न शोधना. ॥

प्रथम कन्यादानविधि कहते हैंः—पूर्वोक्त समान कुलशीलवाले, अन्य गोत्रीसें कन्या मांगनी. । पूर्वोक्त गुणविशिष्ट वरकेतांइ कन्या देनी. । कन्याके कुलज्येष्ठने वरके कुलज्येष्ठको, नालियर, क्रमुक (सुपारी) जिनोपवीत, व्रीही, दूर्वा, हरिद्रा अपने २ देशकुलोचित वस्तु दानपूर्वक कन्यादान करना. तदा गृहस्थगुरु वेदमंत्र पढे । स यथा ॥

"॥ ॐ अर्हं परमसौभाग्याय, परमसुखाय, परमभोगाय, परमधर्म्माय, परमयशसे, परमसन्तानाय,

नोगोपनोगांतरायव्यवच्छेदाय, इमां अमुकनाम्नीं कन्यां अमुकगोत्रां अमुकनाम्ने वराय अमुकगोत्राय ददाति गृहाण अर्हं ॐ ॥"

पीछे सर्व लोकोंकेतांइ कन्याके पक्षी तांबूल देवे. । तथा दूर रहे विवाहकालमें वरके जीते हुए, सो कन्या अन्यको न देवे.

उक्तंच ॥

"सकृज्जल्पन्ति राजानस्सकृज्जल्पन्ति पण्डिताः ॥ सकृत् प्रदीयते कन्या त्रीण्येतानि सकृत् सकृत्॥१॥"

राजाओं एकवार बोलते हैं, पंमित जन एक वार बोलते हैं, कन्या एकवार दिइजाती हैं. पूर्वोक्त तीन कार्य एकएकहीवार होते हैं. ॥ तथा वर नी, तिस कन्याको वस्त्र, आनरण, गंधादिउत्सवसहित, तिसके पिताके घरमें देवे. । कन्याका पिता नी, परिजनसंयुक्त वरको, महोत्सवसहित वस्त्र मुद्रिकादिक देवे. ॥

लग्नदिनसें पहिले मासमें. वा पक्षमें, अवकासानुसारें दोनों पक्षोंके स्वजनोंको एकठे करके, सांवत्सर–ज्योतिषिकको उत्तम आसनऊपर विठलाके, तिसके हाथसें विवाहलग्न नूमिके ऊपर लिखवावे; और रूप्य, स्वर्णमुद्रा, फल, पुष्प, दूर्वा करके जन्मलग्नवत् विवाहलग्नको पूजे. । पीछे ज्योतिषिको

दोनों पक्षोंके वृद्धनें वस्त्रालंकार तांबूलदान देना इति विवाहारंजः ॥

पीछे कोरे शरावलोंमें यव बोवने। पीछे कन्या के घरमें मातृस्थापना, और षष्ठीस्थापना, षष्ठी पूजनविधिके प्रकारसें करना. । वरके घरमें मातृ स्थापन, और कुलकरस्थापन करना. । परमतमें गण पति, कंदर्प स्थापन करते हैं. सो सुगम, और लोक प्रसिद्ध है. ॥

अथ कुलकर स्थापनविधि कहते हैं. ॥ गृहस्थ गुरु जूमिपर नहीं पडे गोमय (गोवर) करके लीपी हुई जूमिमें, स्वर्णमय, रूप्यमय, ताम्रमय, वा श्रीप र्णीकाष्ठमय, पट्टा, स्थापन करे. । पट्टकस्थापन मंत्रः

"॥ ॐ आधाराय नमः आधारशक्तये नमः ।

इस मंत्रकरके एकवार मंत्रके पट्टेको स्थापन करके, तिस पट्टेको अमृतामंत्रकरके तीर्थजलोंसें अजिषिंचन करके. । पीछे चंदन, अक्षत, दूर्वाकरके पट्टेको पूजे. । पीछे आदिमें.

"॥ ॐ नमः प्रथमकुलकराय, कांचनवर्णाय, श्या मवर्ण चंद्रयशः प्रियतमासहिताय, हाकारमात्रोच्चा रख्यापितन्याय्यपथाय, विमलवाहनाजिधानाय, इह विवाहमहोत्सवादौ आगछ २, इह स्थाने तिष्ठ २, सन्निहितो जव २, क्षेमदो जव २, उत्सवदो जव २, आनंददो जव २, जोगदो जव २, कीर्तिदो जव २,

अपत्यसंतानदो जव २, स्नेहदो जव २, राज्यदो जव २, इदमर्घ्यं पाद्यं बलिं चर्चां आचमनीयं गृहाण २; सर्वोपचारान् गृहाण ॥ " २, पीठे ॥

" ॥ ॐ गंधं नमः । ॐ पुष्पं नमः । ॐ धूपं नमः । ॐ दीपं नमः । ॐ उपवीतं नमः । ॐ जूषणं नमः । ॐ नैवेद्यं नमः । ॐ तांबूलं नमः ॥ "

